हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 सितंबर 2025



# सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा की सेवा, मुफ्त में पढ़ा रही टीचर

हफीज खान ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा समाज की प्रगति का बेहतर माध्यम है। शिक्षा से ही संस्कार, समृद्धि और शोहरत को हासिल किया जा सकता है। बेहतर शिक्षा और गुरू मिल जाए तो फिर छात्र का जीवन भी संवर उठता है। राजनांदगांव शहर में एक ऐसे ही सेवानिवृत्ति शिक्षिका हैं, जिन्होंने अपने सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षकीय कार्य को बरकरार रखा है। अब वह ऐसे बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन दे रही है, जो ट्यूशन फीस का खर्च नहीं उठा पाते हैं। इनमें शासकीय स्कूल और आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चे भी शामिल है। शहर के लालबाग प्रभात नगर क्षेत्र में रहने वाली शिक्षिका श्रीमती डॉ. पुष्पा सिंह वर्ष 2022 में शासकीय स्कूल से सेवानिवृत्त हुई। इसके बाद उन्होंने अपने आसपास के बच्चों को देखा, जो स्कूल से आने के बाद अपनी पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते थे। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने के चलते यह बच्चे ट्यूशन भी नहीं जा पाते थे। इन बच्चों को देखकर शिक्षिका डॉ. पुष्पा सिंह ने उन्हें निःशुल्क ट्यूशन देना शुरू कर दिया।

## डॉ. पुष्पा सिंह ने शिक्षकीय कार्य को रखा बरकरार, बच्चे हो रहे लाभान्वित

### एक-दो बच्चों से शुरूआत

शिक्षिका डॉ. पुष्पा सिंह ने एक-दो बच्चे से ही निःशुल्क ट्यूशन पढ़ाने की शुरूआत की थी। इसके बाद एक के बाद एक बच्चों की संख्या बढ़ती गई और अब 10 से 15 बच्चे उनके पास निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बच्चों को ट्यूशन मिलने से उनकी पढ़ाई का स्तर भी बेहतर हुआ है। छात्रा निहारिका का कहना है कि मैडम द्वारा जो पढ़ाया जाता है, वह आसानी से समझ आता है। खासकर वह गणित को काफी आसान तरीके से पढ़ाती हैं।



### गणित पर देती है जोर

शिक्षिका डॉ. पुष्पा सिंह खासकर बच्चों के मन से गणित का भय निकलने का कार्य करती है। वह कहती है कि अगर गणित का भय निकल गया तो फिर सारे सवाल आसानी से हल होंगे। उन्होंने कहा कि वह ऐसे तो सभी विषय पढ़ाती हैं, लेकिन गणित पर विशेष जोर देती है।

**समाज के लिए बेहतर करने की सोचः** शिक्षिका डॉ. पुष्पा सिंह ने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन अपने और अपने परिवार के लिए जीया है। मन में समाज के लिए कुछ बेहतर करने की सोच थी। आसपास के बच्चों को देखकर ऐसा लगा कि इन्हें बेहतर शिक्षा की जरूरत है, लेकिन बच्चे ट्यूशन का फीस नहीं दे पाते थे। ऐसे में इन बच्चों से उन्होंने संपर्क किया और उन्हें निःशुल्क शिक्षा देने की पेशकश की। जिसके बाद बच्चे भी उत्साह से ट्यूशन पहुंचने लगे। उन्होंने कहा कि यह सफर एक-दो बच्चे से शुरू हुआ था, जो आज 10-15 बच्चों तक पहुंच चुका है।

# मुफ्त में शिक्षा देकर वनांचल में तैयार कर रहे होनहार, 69 बच्चों का प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन



**राजनांदगांव।** जहां एक ओर चुनौतियां लोगों को रोक देती है, वहीं कुछ लोग उन्हें पार कर मिसाल कायम करते हैं। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण वनांचल के डूमरटोला में देखने को मिला है, जहां शिक्षक राकेश देवांगन दिव्यांग होने के बावजूद शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दे रहे हैं। वे डूमरटोला स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में न केवल बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रहे हैं, बल्कि उनको सफलता हासिल भी करवा रहे हैं। अब तक इनके द्वारा प्रशिक्षित 69 बच्चों का चयन विभिन्न परीक्षा में हो चुके हैं। शिक्षक राकेश देवांगन अपने मजबूत संकल्प और अथक परिश्रम के बल पर अब तक 69 से अधिक छात्रों को राष्ट्रीय सह-साधन छात्रवृति परीक्षा एवं प्रयास आवासीय विद्यालय जैसे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। वे नियमित रूप से निःशुल्क कक्षाएं आयोजित करते हैं। कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए विशेष सहायता भी उपलब्ध कराते हैं। उनके प्रयासों से न केवल छात्रों को सफलता मिली है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव आया है। इस सराहनीय कार्य के लिए शिक्षक राकेश देवांगन को ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 2023 में सम्मानित किया गया है।

### आदिवासी बच्चों को मिल रहा लाभ

उक्त संस्था में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहला व प्रधान पाठक मोहनलाल के मार्गदर्शन में विगत 7 वर्षों से शिखर कोचिंग क्लास संचालित है। राष्ट्रीय सह-साधन छात्रवृति परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपए कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्राप्त होती है। उक्त संस्था से प्रयास विद्यालय में चयनित बच्चे रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, कांकेर एवं राजनांदगाव जैसे उच्च संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

## शिशु संरक्षण माह, टीकाकरण सहित स्वास्थ्य सेवाएं पड़ी ठप

# सरकार ने नहीं मानी मांगें, चार सौ एनएचएम कर्मियों ने सौंपा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनएचएम कर्मचारियों पर एक तरफ सरकार द्वारा कड़ा रूख अपनाया जा रहा है और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 25 अधिकारी-कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर इस आदेश के खिलाफ प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी आक्रोशित हैं और उन्होंने आज अपना सामूहिक इस्तीफा दिया है। राजनांदगांव जिले में भी 18 दिनों से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के इस आदेश के खिलाफ अपनी एकता दिखाते सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। रैली की शक्ल में धरना प्रदर्शन स्थल से निकले एनएचएम कर्मचारियों ने जिला मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय परिसर में पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने अपना सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया।

नियमितीकरण, ग्रेड-पे, स्थानांतरण नीति निर्धारण, मेडिकल अवकाश कैशलेस सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर का निर्माण, पेंशन सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बीते 18 दिनों से एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। इस हड़ताल के बीच कई तरीकों से उन्होंने सरकार तक मांगे पूरी करने अपनी बात पहुंचाई। इस दौरान सरकार ने एनएचएम कर्मचारियों की पांच मांगों पर अपनी सहमति दी, लेकिन इस पर आदेश जारी नहीं हुआ। जिसको लेकर एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर ही डटे हुए हैं। सरकार ने एनएचएम कर्मचारियों को तत्काल काम पर वापस लौटने का आदेश भी जारी किया था। इसके बाद भी एनएचएम कर्मचारी काम पर नहीं लौटे। एनएचएम कर्मचारियों के खिलाफ सख्ती करते शासन द्वारा एनएचएम के 25 अधिकारी-कर्मचारी को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है।



### शिशु संरक्षण माह हो रहा प्रभावित

एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी असर पड़ रहा है। खासकर 29 अगस्त से 30 सितंबर तक शिशु संरक्षण माह मनाया जा रहा है। इसके तहत टीकाकरण, विटामिन 'ए' सीरप, बच्चों को आयरन, फोलिक एसिड सीरप की खुराक, बीसीजी, हेपेटाइटिस बी, डीपीटी, ओपीवी, मिजल्स-रूबेला तथा पेंटावेलेंट के टीके का कार्य होना है, जो कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से प्रभावित हो रहा है।

### सरकार की दमनकारी नीति

एनएचएम की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने कहा कि सरकार ने दमनकारी नीति अपनाकर प्रांत अध्यक्ष सहित प्रांतीय टीम के 25 लोगों को बर्खास्तगी का लेटर जारी किया है। इसके विरोध में आज प्रदेश के 16 हजार एनएचएम कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा दे रहे हैं। अब आंदोलन और उग्र होगा।

### 395 ने दिया इस्तीफा

एनएचएम कर्मचारी अमित कुमार पारधी ने बताया कि जिलेभर से 395 एनएचएम कर्मचारियों ने अपना सामूहिक इस्तीफा दिया है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। एक तरफ सरकार हमारी पांच मांगों को पूरा करने की बात कह रही है तो फिर उसका आदेश जारी क्यों नहीं किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य सुविधा हो रही ठप

एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के चलते टीकाकरण, एनआरसी, एनआईसीयू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सुविधा बिगड़ी हुई है। शहरी हमार क्लीनिक पीएससी बंद है। ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 12 प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा संभालने वाले एनएचएम कर्मचारियों की संख्या लगभग 270 के करीब है। वहीं शहरी क्षेत्र में 80-90 कर्मचारी हैं। इन सभी के हड़ताल में जाने की वजह से स्वास्थ्य सुविधा ठप पड़ी हुई है और लोगों को जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचना पड़ रहा है।

# प्रदर्शन में शामिल होने रायपुर जा रही मितानिनों को पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रही मितानिनों को रोकने पुलिस ने कड़ा बंदोबस्त किया हुआ था। आज सुबह जिले के ठाकुरटोला टोलप्लाजा के समिति आंदोलन में शामिल होने जा रही मितानिनों के वाहनों को रोककर उन्हें वापस भेजा गया। जिसको लेकर मितानिनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई।

नियमितीकरण, वेतन वृद्धि सहित अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मितानिन संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। मितानिन संघ के प्रांतीय आह्वान पर आज राजधानी रायपुर के तुता मैदान में धरना प्रदर्शन, मुख्यमंत्री निवास का घेराव और चक्काजाम आयोजित किया गया था। इस प्रदर्शन में राजनांदगांव जिले से भी सैकड़ों की संख्या में मितानिन शामिल होने राजधानी रायपुर जा रही थी। इसी दौरान ठाकुरटोला टोलप्लाजा के समीप तैनात पुलिस बल ने मितानिनों के वाहन को रोक दिया और उन्हें राजधानी रायपुर में आयोजित प्रदर्शन में नहीं जाने समझाइश देकर वापस लौटने कहा।



### ग्रामीण मार्गों से पहुंचे राजधानी

पुलिस बल द्वारा ठाकुरटोला टोलप्लाजा के समीप रोके जाने के बाद मितानिनों ने आक्रोश भी व्यक्त किया। वहीं धरना प्रदर्शन में शामिल होने जाने के लिए नेशनल हाईवे के बजाय अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्र की सड़क मार्ग से होते हुए राजधानी के लिए निकले। यहां भी जगह-जगह तैनात पुलिस बल ने उन्हें राजधानी रायपुर तक नहीं पहुंचने दिया। इसके बाद कुछ वाहन भीतरी रास्तों से होते हुए राजधानी पहुंची।

### वाहनों में मितानिनों की तलाश

*मितानिनों ने कहा कि जगह-जगह वाहन की चेकिंग कर मितानिन कार्यकर्ताओं की तलाश की जा रही थी। उन्हें प्रदर्शन में जाने से रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने अपनी पूरी जोरआजमाइश कर दी। जैसे-तैसे वह रायपुर के लिए निकली तो उन्हें फिर एक बार सोनपुर के समीप रोक दिया गया। पुलिस बल द्वारा रोके जाने के बाद कुछ जगहों पर मितानिनों ने सड़क पर ही आक्रोश प्रदर्शन करते चक्काजाम कर दिया।*

### ठाकुरटोला के समीप रोका गया

मितानिन संघ पदाधिकारी दीपाली वर्मा और भारती सिन्हा ने कहा कि मितानिन अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन में शामिल होने जा रही थी, जिन्हें दबावपूर्वक पुलिस बल द्वारा रोका गया। प्रदेश सरकार के दबाव के चलते मितानिनों को रोका गया है। जिले के अलग-अलग विकासखंड से सैकड़ों की संख्या में मितानिन बहनें आंदोलन में शामिल होने जा रही थी। मितानिन बहनों के 12-15 वाहनों को टोलप्लाजा के समीप रोककर वापस भेज दिया गया। मितानिन संघ की पदाधिकारियों ने कहा कि यह सरकार की दमनकारी नीति है।

## वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत

**राजनांदगांव।** साइकिल में सवार होकर जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिकारीमहका निवासी दुर्गेश सिंह 34 वर्ष बीती रात लगभग सवा 9 बजे अपने साइकिल में सवार होकर ग्राम कोकपुर की ओर से अपने घर ग्राम शिकारीमहका आ रहा था। वह पुलिया के ढलान के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन के चालक ने उसे ठोकर मार दिया। जिससे वह गंभीर हो गया था। उसे उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रजत महोत्सव पर सायबर ठगी जागरूकता को लेकर पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत महोत्सव अवसर पर राजनांदगांव पुलिस एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र के तत्वावधान में रेंगाकठेरा हाईस्कूल में सायबर ठगी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



राज्य के रजत महोत्सव के अवसर पर 4 सितंबर को पुलिस विभाग एवं भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय साक्षरता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में रेंगाकठेरा स्कूल में सायबर ठगी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर 1930 या पोर्टल पर शिकायत करने या अपने नजदीकी थाना क्षेत्र में जाकर सूचना देने हेतु कहा गया। बच्चों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी अपने परिजनों या शिक्षक से अवश्य साझा करने कहा गया। इसी प्रकार वित्तीय साक्षरता केंद्र से तेजस्वी वर्मा ने बताया कि डिजिटल सुविधा जितनी बढ़ी है, उतनी ही जागरूकता की आवश्यकता है। जागरूक रहकर ही हम अपने बैंक खाते और पैसों को सुरक्षित रख सकते हैं तथा सायबर ठगी से बच सकते हैं। कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में आंवला पौधा का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आरएस नरवासे, व्याख्याता सेवकराम साहू, पी. वर्मा, एनएसएस प्रभारी युवराज साहू, सायबर सेल से आरक्षक जोगेश राठौर सहित 250 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### निजी जानकारी साझा न करें

कार्यक्रम में सायबर सेल प्रभारी विनय पम्मार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि अपना पासवर्ड कभी भी किसी के साथ साझा न करें। अज्ञात लिंक, ईमेल या मैसेज पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले जांच करने हेतु कहा गया। सायबर बुलिंग, फर्जी अकाउंट और फोटो के दुरूपयोग के खतरे को समझाया गया। सोशल मीडिया जैसे फेसबुक और इंस्टाग्राम का उपयोग सावधानी से करें तथा किसी भी अनजान व्यक्ति या नंबर को अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

# गणेश पर्व पर पुलिस का अभियान, 26 पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



श्रीगणेशोत्सव के तहत शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 26 लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

गणेश उत्सव के मद्देनज़र जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजनांदगांव पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। जिसके तहत 3 सितंबर को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 प्रकरण में 4 आरोपी, थाना बसंतपुर द्वारा 5 प्रकरण में 10 आरोपी, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 4 प्रकरण में 4 आरोपी एवं पुलिस चौकी चिखली पुलिस द्वारा 7 प्रकरण में 7 आरोपी, इस प्रकार कुल 20 प्रकरण में 25 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

**आर्म्स एक्ट में कार्रवाई :** इसके अतिरिक्त ओपी चिखली में आर्म्स एक्ट के तहत 1 प्रकरण में 1 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस प्रकार जिले में अपराधों की रोकथाम हेतु लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बाइक में महुआ शराब ले जाते पकड़ाया, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बाइक में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब ले जाने की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे तीन लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

जिले में पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत बागनदी थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम घोरतलाव में शांतिलाल उइके द्वारा अपनी बाइक में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु डोंगरीपारा कच्ची रास्ता घोरतलाव से ला रहा है। आरोपी के विरुद्ध थाना बागनदी में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विजय मिश्रा, सहायक उपनिरीक्षक विनोद कुमार वर्मा, आरक्षक संजय साहू, दीपक साहू, टाकेश्वर पटेल एवं श्रीकांत धृतलहरे की भूमिका सराहनीय रहा।

**शराब व बाइक जब्त :** मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी शांतिलाल उइके 48 वर्ष निवासी ग्राम घोरतलाव को डोंगरीपारा कच्ची रास्ता मारुति पेट्रोल पंप के सामने बाइक में अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक लीटर वाले प्लास्टिक के तीन नग पानी बोतल में 3 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रुपए एवं एक पुरानी इस्तेमाली बाइक को जब्त किया गया।

## ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व आज, मस्जिदों में साज-सजावट

# शहर में निकाली बाइक रैली, आज परचम कुशाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर शहर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली जाएगी। इससे पहले गुरुवार की देर शाम बाइक रैली निकली गई। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा शामिल हुए। अमन, शांति और भाईचारा का संदेश देने वाले इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की मिलाद के दिन को मुस्लिम समाज द्वारा काफी उत्साह से मनाया जाता है। इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी के 1500 साल को लेकर भी काफी उत्साह का माहौल है। मस्जिदों में खूबसूरत रोशनी की गई है। वहीं मिलादुन्नबी पर विभिन्न धार्मिक आयोजन भी किए जा रहे हैं।



### सफेद कुर्ता पजामा में शामिल होने गुजारिश

ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में सभी इस्लामी भाइयों को सफेद कुर्ता-पायजामा, साफा या टोपी पहनकर शामिल होने की गुजारिश की गई है। प्रशासन की अनुमति पर ही डीजे व माइक रखा जाएगा और आवाज काफी कम रखी जानी होगी। वहीं नात ख्वां जुलूस में रहेंगे। बिना शोरगुल व म्युजिक के हुजूर की सुन्नतों के हिसाब से व अदब व एहतराम से इस विलादत को मनाया जाएगा।

### जगह-जगह जुलूस का इस्तकबाल

ईद मिलादुन्नबी का जुलूस जामा मस्जिद से भारत माता चौक, गंज चौक, लोहारपारा, भरकापारा, रामाधीन मार्ग, गुड़ाखू लाइन होते हुए जूनीहटरी इस्लाम चौक पहुंचेगी, जहां जुलूस का समापन होगा। जुलूस के दौरान जगह-जगह समाजसेवाओं द्वारा जुलूस का इस्तकबाल किया जाएगा।

**बाइक रैली में दिखा उत्साह :** हर साल की तरह इस साल भी शहर में ईद मिलादुन्नबी से एक दिन पहले मोटर साइकिल रैली निकाली गई। इस मोटर साइकिल रैली में सैकड़ों की संख्या में इस्लाम धर्म के अनुयायी भारत की आन-बान और शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज के साथ सामाजिक झंडे लेकर शामिल हुए। रैली के दौरान इस 1500 ईद मिलादुन्नबी को लेकर काफी उत्साह नजर आया। सीरतुन्नबी जामा मस्जिद एरिए के सालाना सदर, हाजी अतहर रिजवी, गोलबार एतराफ के सालाना सदर रियाज चौहान, मोती मस्जिद एरिया के सालाना सदर अफजल खान व कमेटी मेम्बरान, ओहदेदार और सामाजिक लोगों द्वारा शहर की मस्जिदों में आकर्षक रोशनी की गई है।





डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी

ॐ वेदाहि गुरु देवाय विधमये परमगुरुवे धीमहि
तन्नोः गुरुः प्रचोदयात्

# शिक्षक दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं...

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

शिक्षक दिवस हर साल 5 सितंबर को मनाया जाता है। शिक्षक युवा मस्तिष्कों के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा होते हैं। हर साल शिक्षक दिवस उन महान शिक्षकों के जीवन और कार्यों को महत्व देने के लिए मनाया जाता है, जो अपने छात्रों को अपने बच्चों की तरह प्यार करते हैं। शिक्षक भगवान के निकट होते हैं। शिक्षक कक्षा की आत्मा होते हैं। कम उम्र से ही बच्चे शिक्षकों से अपने मूल्य, नैतिकता, जीवन के सबक और अच्छे कर्म सीखते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों के लिए आदर्श होते हैं। शिक्षक वास्तव में युवा पीढ़ी के मस्तिष्क के निर्माण में आजीवन समर्पण के रूप में सेवा दे रहे, शिक्षक समाज में अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण हैं; वास्तव में कई मायनों में वे समाज की धुरी हैं। ऐसे में यह बहुत अच्छा है कि हम अपने शिक्षकों को सम्मानित करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए एक समर्पित दिन रखते हैं, उन्हें बताते हैं कि हम उनकी कितनी सराहना करते हैं। शिक्षक छात्रों को समाज में महत्वपूर्ण व्यक्ति बनने के लिए तैयार करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करते हैं। शिक्षक के बिना कोई भी अन्य व्यवसायों के अलावा अकाउंटेंट, डॉक्टर, पायलट, वैज्ञानिक, इंजीनियर, मौसम विज्ञानी नहीं बन पाता। शिक्षक दिवस महत्वपूर्ण है क्योंकि यह छात्रों और अभिभावकों को समाज में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका का एहसास कराने में मदद करता है। इस समझ के माध्यम से, सम्मान पैदा होता है और इस प्रकार प्रभावी सीख प्राप्त होती है.


































## खबर संक्षेप

### शोकाकुल परिवार से मिले भाजपाई



**डोंगरगढ़।** कोलेन्द्रा-ठाकुरटोला में दो दिन पूर्व नाला में बह जाने से मिथिलेश वर्मा की मौत हो गई। इस घटना से पूरा गांव शोक में है। मृतक के घर पहुंचकर भाजपा ग्रामीण के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने ढाढ़स बंधाया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, रवि यादव, हेमकुमार साहू, किरीत वर्मा, गुलाब वर्मा, ईश्वरी ठाकुर, हरदेव वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एजुकेशन कॉलेज खोलने की मांग



**डोंगरगढ़।** सांसद प्रतिनिधि तरूण हथेल से मुलाकात कर छात्रों ने डोंगरगढ़ में बैचलर आफ एजुकेशन, डिप्लोमा आफ एजुकेशन या कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग की है। छात्रों ने बताया कि अंचल में बहुसंख्यक मजदूर वर्ग के लोग निवास करते है जिनके बच्चे बाहर जाकर पढ़ाई नहीं कर पाते। अच्छी पढ़ाई के लिए उन्हे भटकना पड़ता है क्योंकि वह शहरों की पढ़ाई सहित अन्य खर्च वहन नहीं कर पाते। श्री हथेल ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह, सांसद संतोष पांडेय और प्रभारी मंत्री विजय शर्मा से एजुकेशन या कृषि महाविद्वालय खोलने की मांग की है। इसी प्रकार नेहरु कालेज तक जाने के लिए सड़क, लाईट और पानी की व्यवस्था करने की मांग की है।

### शिक्षक सम्मान समारोह आज

**डोंगरगढ़।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शासकीय हाईस्कूल सेंदरी में कल 5 सितंबर को प्रात 11 बजे शिक्षक सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह आयोजन पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा ने किया है। मुख्य अतिथि थानसिंह वर्मा होंगे। अध्यक्षता आत्माराम कोशा करेंगे। विशिष्ट वक्ता के रूप में कुबेर सिंह साहू, लखनलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, पदमा साहू, महेंद्र बघेल, डॉ इकबाल खान, वीरेंद्र तिवारी, राजकुमारी जैन, किरण मिश्रा, रामनाथ भैंसारे शामिल होंगे।

### सभापति ने बैठक में उठाए कई मामले



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत के सभाकक्ष में गत दिनों साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने उपवन मंडल डोंगरगढ़ के रेंजर, डिप्टी रेंजर, वनरक्षक के स्थानांतरण का मामला उठाया। उन्होंने बाद आदेश बाद उन्हे 10 दिन के अंदर कार्यभार मुक्त करना था किन्तु उन्हे अब तक कार्य मुक्त नहीं किया गया है और न उनका वेतन रोका गया है। उन्होंने कौहापानी वन समिति से प्राप्त लाभांश से कराए गए कार्य, आयुष्मान कार्ड की आड़ में प्राइवेट हॉस्पिटलों में लूट खसोट का भी मामला उठाया। उन्होंने बोरतलाव से रामजीटोला, गांधीनगर होते हुए डोंगरगढ़, महाराजपुर से रामपुर, मोहनपुर से अलेदंड तक सड़क निर्माण की मांग रखा। उन्होंने बोरतालव में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग रखा।

### छात्रों ने जीते कई इनाम



**डोंगरगढ़।** खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद में किया गया। स्पर्धा में स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों का वर्चस्व रहा। शतरंज के बाल वर्ग में मयंक सहारे, मयंक पांडे, गुरुदत्त सहारे, तुषार टेम्भुरकर, निशांत जैन ने प्रथम, किशोर वर्ग शतरंज में विवेक ताम्रकार, वेदप्रकाश वर्मा, हिमांशु सोनी, रामकृष्ण दुबे ने प्रथम, तरुण वर्ग बहन में द्रोणी सिन्हा, लता साहू, मानसी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों को क्रीड़ा प्रमुख सौरभ फुले के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित किया गया था। इस दौरान संरक्षक के रूप में कौशल्या वर्मा उपस्थित थी।

### कबड्डी प्रतियोगिता छह को

**बांधाबाजार।** ग्राम सिंगरायटोला में युवा संगठन समिति और ग्रामवासियों के तत्वावधान में 6 सितम्बर को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, विशिष्ट अतिथि शांतिबाई त्रिपुरे, सुशीला गावरे, संजय मरावी, विशेष अतिथि सरपंच एवं समस्त पंच रहेंगे। विजेताओं को क्रमशः 7001, 5001, 3001, 2001 के अलावा बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर, बेस्ट आलराउंडर को पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी कबड्डी टीम के कोच सुरेन्द्र घावडे ने दी।

### प्राणीशास्त्र परिषद की पायल बनी अध्यक्ष

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राणीशास्त्र परिषद का गठन किया गया। प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गोकुल प्रसाद साहू ने स्वागत के बाद परिषद के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह ने पदाधिकारियों की घोषणा की। परिषद में अध्यक्ष पायल देवांगन, उपाध्यक्ष महक अग्रवाल, सचिव मोनिका देवांगन, सह सचिव रेवती, कोषाध्यक्ष लीना देवांगन एवं कार्यकारिणी सदस्य योगेश देवांगन, रामेश्वर एवं मेघा राव हैं। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष पायल देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन वैष्णवी तिवारी ने किया।

# पंडालों में गणेश जी दे रहे हेलमेट पहनने का संदेश

## समितियों की पहल की हो रही सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के गणेश पंडालों में इस बार एक अनोखा नजारा देखने को मिल रहा है। पंडालों में गणपति जी दर्शनार्थियों को सड़क सुरक्षा का संदेश दे रहे है। गणेश जी कह रहे है कि अपने सिर का ख्याल रखना। हर किसी को मेरे जैसा सिर बदलने का मौका नहीं मिलता, हमेशा हेलमेट पहनकर ही गाड़ी चलाएं।

उल्लेखनीय है कि सड़क हादसों की संख्या काफ़ी बढ़ गई है जिसे देखते हुए प्रशासन तथा समाजसेवियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। हेलमेट संगवारी तथा नन्देश्वर युवक जन जागरूकता समिति सड़क सुरक्षा को लेकर सक्रिय रूप से काम कर रही है। सड़को में हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए सभी गणेश समितियों ने इस पहल को स्वीकार करते हुए अपने पंडालों में हेलमेट जागरूकता अभियान में सहयोग करने का निश्चय किया और श्री सिद्धिविनायक मंडल कॉलेज रोड, श्री युवा मंडल सिनेमा लाइन, बप्पा ग्रुप मेन रोड , नव दुर्गा उत्सव समिति, रामेष्ट मंडल हनुमान मंदिर, शिव मंदिर पुराना थाना, आराध्य मंडल जेंट्स क्लब मैदान, जय छग युवा समिति, जय शीतला गणेशोत्सव समिति बोधीटोला, समृद्धि मंडल राजीव नगर, श्री गणेश परिवार अहीरपारा, श्री नवरत्न मंडल आईएचएसडीपी कॉलोनी , श्री महाकाल सेना साकेत धाम, मित्र मंडल बाजार चौक, फ्रेंड्स क्लब मटिया, सिद्धि विनायक समिति मटिया इस मुहिम में शामिल हो गई है।



### महिलाओं ने किया पहल का स्वागत

बाजार चौक में मित्र मंडल की महिलाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि निश्चित ही इस पहल से जागरूकता आएगी और लोग हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएंगे। इस पहल पर हेलमेट संगवारी धर्मेन्द्र साहू ने कहा कि हेलमेट जान बचाती है। कई लोग फैशन के चलते हेलमेट नहीं पहनते, जबकि बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए सिर की सुरक्षा के लिए हेलमेट जरूर पहनना चाहिए। श्री नंदेश्वर युवा जनजागरूकता समिति के सदस्यों ने अपील किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और गाड़ी चलाते समय रोड में बैठी गौ माता का भी ध्यान रखें।

## शिकायत के बाद एक्शन में आई पुलिस

# कोचियों के ठिकानों पर दबिश आरोपियों से किया शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

लाल बहादुर नगर के ढाबों, पान ठेलों और चौक चौराहों में चखना दुकानों की आड़ में शराब बेची और पिलाई जा रही थी। शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर गत दिनों नगर अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिधर एवं पार्षदों ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत किया था। शिकायत के बाद एक्शन में आते हुए चिचोला पुलिस ने कार्रवाई शुरू किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी हरमीत सिंह पिता गुरुवीर सिंह भाटिया निवासी बुधवारी पारा को योगेश ढाबा चिचोला में अवैध शराब बेचते पकड़ा गया। आरोपी के पास से 15 पौवा शोले देसी शराब, 27 पौवा एनव्ही व्हिस्की जप्त किया गया। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

इसी प्रकार आरोपी कविता साहू पति नंद कुमार साहू निवासी लाल बहादुर नगर को मंडल चौक के पास शराब बेचते पकड़कर 15 पौवा शोले देसी प्लेन शराब जप्त किया गया। आरोपी विष्णु रजक पिता स्व. मुन्ना रजक निवासी लाल बहादुर नगर को रामपुर खाटूटोला रोड मिल के सामने अवैध रूप से शराब बेचते पकड़ा गया। उसके पास से 18 पौवा शोले देसी प्लेन शराब, शराब बिक्री की रकम 370 रुपए एवं टीवीएस जुपिटर सोल्ड वाहन जप्त किया गया है।



### महुआ शराब परिवहन करते एक गिरफ्तार

**टाटेकसा।** बागनदी थाना प्रभारी विजय मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने 3 सितंबर को ग्राम घोरतलाव में शांतिलाल उइके को मोटर सायकिल से कच्ची महुआ शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी शांतिलाल उइके पिता दयाराम उइके निवासी घोरतलाव मारुति पेट्रोल पंप के सामने पकड़कर उसके कब्ले से 3 लीटर कच्ची महुआ शराब, मोटर सायकिल सीजी 08 वाय 9358 जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# विसर्जन झांकियों को मिलेगा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- 25 सालों से बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति कर रही सम्मानित

श्री बम्लेश्वरी मंदिर समिति द्वारा सन 2000 से श्री गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन अब विशाल रूप ले चुका है।

शहर एवं अंचल के श्रद्धालु सम्मलित होते है। शहर की श्री गणेश विसर्जन झांकियों को समिति द्वारा प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कृत किया जाता है। श्री बालेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा गणेश विसर्जन के अवसर पर आगामी 7 सितंबर को पंचायती मंदिर गोल बाजार के पास मंच बनाया जाएगा। मंच के सामने से गणेश विसर्जन झांकियां गुजरेंगी जिन्हे निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रथम पुरस्कार रनिंग शील्ड, 15 हजार द्वितीय रनिंग शील्ड, 11 हजार, तृतीय रनिंग शील्ड, 9 हजार, सान्तवना पुरस्कार प्रत्येक मंडली को 15 सौ, स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई झांकियों में से सर्वश्रेष्ठ को 21 सौ, श्रेष्ठ स्थल सजावट को 21 सौ रुपये प्रदान किया जाएगा।

### शिव नगर में हवन पूजन आज

**खुज्जी।** शिवनगर वार्ड में गणेश जी के हवन पश्चात महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम कल 5 सितंबर को होगा। यह जानकारी पुरूषोत्तम देवांगन ने देते हुए सभी से शामिल होने की अपील की है। आयोजकों ने उपस्थिति की अपील की है।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर 17 को

- आयोजन समिति का गठन, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालबहादुर नगर

रजत जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आगामी 17 सितंबर को नगर पंचायत में खंड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाना है। शिविर में लगभग 25-30 स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे। शिविर में सभी को जांच के बाद दवाई निःशुल्क दी जाएगी। इस मौके पर रक्तदाताओं का सम्मान किया जाएगा। आयोजन को लेकर गत दिनों स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, कालेज, हाई स्कूल के प्रिंसपल, नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, सरपंच, भाजपा मंडल के अध्यक्ष आदि की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति का गठन किया गया, जिसमें खंड चिकित्सा अधिकारी डा. सुचिता श्रीवास्तव का अध्यक्ष नगर अध्यक्ष देवेन्द्र साहू को संरक्षक, मंडल भाजपा अध्यक्ष मनोज कांडे, हेमलाल वर्मा को संयोजक बनाया गया।बैठक में डां. संदीप ताम्रकार, सीएमओ शैलेश पांडे, नायब तहसीलदार राजेश नेताम, देवेन्द्र साहू, मनोज कांडे, प्रशांत कोड़ापे, अनिता ठाकुर, छबिधर साहू, अनिल श्रीवास्तव, थनवार मंडावी, रेशमा कंवर, राजेन्द्र तिवारी, कैलाश ऊके, रमेश यादव, रामजी साहु, मृगलाल साहु, योगेश साहु, प्रीति ताम्रकार, निकिता ताम्रकार, उषा यदु, सरस्वती ढीमर, हुकुमचंद साहु, डॉ भारत साहु, डॉ नितिन साहु, सेवती साहु, उपकारसिंह बघेल, पुष्पा सिन्हा, शिव बल्हारे, अवध साहु, लक्ष्मीनाथ रजक, रामाधार ओझा, नरेंद्र ठाकुर, जाफर अली, कुशल साहु, रामप्रसाद वर्मा, जयसिंग कंवर, लखन बंसोड़, कुलाश ठाकुर, संतोष ढीमर, खेदू साहु, यशवंत साहु, मानिक वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### राजकुमार का निधन



**खुज्जी।** ग्राम बड़भूम निवासी राजकुमार सिन्हा का 3 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में पारिवारिक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए। शमशान घाट पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।


// आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, विरेन्द्र कुमार साहू आ. श्री प्रभुराम, ग्राम अड़ाम, पोस्ट- आसरा, तहसील - डोंगरगाँव, जिला- राजनॉदगॉव (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि, मेरे पिता- श्री प्रभुराम आ. दौवा राम के नाम व स्वामित्व की पैतृक भूमि स्थित ग्राम- शिकारीटोला, प.ह.नं.- 16, रा.नि.मं. बापूटोला, तहसील- छुरिया, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नम्बर- 114/6, 114/2, 4, 5, 7, 116/2, 117, 114/6, तथा ग्राम दर्राबांधा, प. ह.नं. 14, रा.नि.मं.- आसरा, तहसील- डोंगरगाँव, जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.), का खसरा नम्बर- 379/6, 379/4, 383/2, तथा ग्राम अड़ाम (आसरा), प.ह.नं.-15, रा.नि.मं.- आसरा, तहसील- डोंगरगाँव, जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.) का खसरा नम्बर- 32/3, 74/5, 74/8, 129/7, 16/2, 112/4, स्थित है जिसमें मेरे एवं मेरे अन्य भाईयों का हक हिस्सा है, उक्त हक हिस्सा प्राप्त किये जाने हेतु समस्त वारिसानों द्वारा एक उद्घोषणा वाद, सिविल प्रकरण न्यायालय राजनांदगाँव में प्रस्तुत किया गया है जो लंबित है जिसका सिविल प्रकरण कमांक- 96/2025 है जिसकी पेशी दिनॉक- 08/09/2025 को नियत है जिसके चलते उक्त भूमि विवादित होने के कारण सर्वसाधारण, वित्तीय निकाय, बैंक इत्यादि को सूचित किया जाता है कि, उक्त विवादित पैतृक सपंत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार, खरीदी-बिकी, गिरवी इत्यादि ना करें, अन्यथा उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं आपकी होगी। अतएव सूचना जाने।

भवदीय
बिरेन्द्र कुमार साहू
विरेन्द्र कुमार साहू आ. श्री प्रभुराम,
ग्राम अड़ाम, पोस्ट- आसरा, तहसील- डोंगरगाँव, जिला- राजनांदगाँव (छ.ग.)
मो.नं.- 85785-16101


# वनांचल में प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

- जिला से ग्राम ईकाई तक निर्विरोध चुनने का होगा प्रयास : डॉ.नीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला




### जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, मदन साहू, चेतन साहू, पवन गुप्ता, गिरीश साहू, आरडी साहू, शिवप्रसाद साहू, गयादास साहू, यशवंत साहू, शेषराम साहू, दुर्योधन साहू, अरुण साहू, नूतन साहू, हिलेश्वरी साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ.नीरेंद्र साहू एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। साहू समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों ने गाजे बाजे और आतिशबाजी के साथ आगवानी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में भक्त कर्मा माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना की गई।

स्वागत भाषण में तहसील अध्यक्ष गयादास साहू ने कहा कि समाज के प्रदेशाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचित होना समाज के लिए अच्छा संदेश है और हम सब सामाजिक जन आशा करते हैं कि इकाई से लेकर जिला में भी यही पद्धति अपनाई जाएगी। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि उन्हे उम्मीद है कि नीचे ईकाई से जिला पदाधिकारियों की नियुक्ति सर्वसम्मति से हो। उन्होंने कहा कि सामाजिकजनों की भरोसे को टूटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्विरोध चुने जाने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहे। डॉ.साहू ने आत्मीय अभिनंदन के लिए पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। शपथग्रहण पश्चात जिले के प्रवास पर पहुंचे डॉ. नीरेंद्र साहू के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तिलक साहू, सुनील साहू, प्रदीप साहू, नीलमणी साहू, महेश्वर साहू साथ थे।

## खबर संक्षेप

### खग्रास चन्द्रग्रहण 7 को

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के पट आगामी 7 सितम्बर को दोपहर 12.50 बजे बंद हो जाएंगे। मंदिर के पट 8 सितम्बर को प्रातः 4.30 बजे खुलेगा। आगामी 7 सितम्बर को चन्द्र ग्रहण होने की वजह से मंदिर क पट बंद रहेंगे। ग्रहण का सूतक 7 सितम्बर को मध्यान्ह 12 बजकर 57 मिनट से प्रारंभ होगा। ग्रहण स्पर्श रात्रि 9 बजकर 57 मिनट पर, ग्रहण मध्य रात्रि 11 बजकर 41 मिनट पर, ग्रहण मोक्ष 8 सितम्बर को मध्य रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर होगा।

### छात्राओं को मिली साइकिल



**ठेलकाडीह।** सरस्वती साइकिल योजना के तहत सहसपुर दल्ली हाईस्कूल में छात्राओं को मंगलवार को साइकिल वितरण किया गया। इस मौके पर एसएमडी अध्यक्ष संतराम नागपुरे, प्राचार्य मीरा वर्मा, शिक्षक कवल मिश्रा, मंजू साहू सहित अन्य उपस्थित थे। श्री नागपुरे ने बताया कि सरकार की सरस्वती साइकिल योजना एक ऐसी योजना है जो बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद करती है। इस मौके पर 22 छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया।

### गडरिया ढेंगर समाज की प्रादेशिक बैठक 7 को

**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ गडरिया ढेंगर समाज की पहली प्रादेशिक बैठक और शपथ ग्रहण समारोह 7 सितंबर को रायपुर में होगा। यह बैठक संजय नगर स्थित सामाजिक भवन में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष गोविंद राम धनकर करेंगे। प्रदेश महासचिव पुरुषोत्तम पाल और मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि इस दौरान समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य संगठन, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ और सभी जिलों जैसे बिलासपुर, रायपुर, मुंगेली, धमधा, गंडई, राजनांदगाँव, और दुर्ग-भिलाई के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य शामिल होंगे।

### अनुबंध की अवहेलना कर दुकान दिया किराए पर

**मोहला।** सामुदायिक भवन में मंगलवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में निवास, आय प्रमाण पत्र, आय व्यय आदि की चर्चा के बाद सडक चौडीकरण पर चर्चा की गई। ग्राम के मैदान जहां सार्वजानिक सामाजिक कार्यक्रम के अलावा खेलकूद आदि होते है। यहां गत 20 वर्षो से लघु व्यापारी धंधा करते आ रहे हैं जिन्हे पंचायत द्वारा 30 वर्षों का एग्रीमेंट कर 10-12 फीट का टुकडा दुकान बनाने के लिए दिया था। अब सड़क चौडीकरण किया जाना है इसलिए दुकानदारों में हडकंप मच गया है। जानकारी के अनुसार अधिकांश दुकानदार एग्रीमेंट की अवहेलना करते हुए दुकानों की खरीद फरोख्त किया है या किराये पर दे रखा है। यह दुकानदार दुकान का किराया हजारों में ले रहे है किन्तु पंचायत को न्यूनतम राशि भी नहीं चुका रहे है। ग्रामवासियों की मांग है कि बाजार जो सिमटते जा रहा उसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर लघु व्यापारियों का व्यवस्थापन किया जाए।

## विसर्जन अवसर पर नगर निगम करेगी व्यापक व्यवस्थाएं, भंडारा सहित कई आयोजन

# गणेश उत्सव पर्व पर शहर में विभिन्न आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन अवसर पर मूलभुत सुविधा सहित व्यापक व्यवस्था की जा रही है। जिसके लिए निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन पर्व पर मूलभूत दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। जिसके तहत कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे को नोडल अधिकारी व सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा को सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ सभी उप अभियंताओं को अलग-अलग प्रभार सौंपा गया है।



### सौंपा गया दायित्व

साथ ही मोहारा रोड एवं मुख्य मार्गों में विद्युत व्यवस्था का दायित्व सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम एवं कंट्रोल रूम प्रभारी प्र. सहायक अभियंता वसीम खान को बनाया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित उनकी टीम को शहर के संपूर्ण क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था एवं शहर के भीतरी इलाकों में घूमने वाले आवारा पशुओं को पकड़ने तथा विसर्जन के दौरान विशेष रूप से यातायात सुविधा की दृष्टि से आवारा पशुओं को पकड़ने आदि का दायित्व सौंपा गया है। उक्त सभी अधिकारी-कर्मचारी नोडल अधिकारी यूके रामटेके के नेतृत्व में दिए गए निर्देशों का पालन जिम्मेदारीपूर्वक करेंगे।

### बनाया गया सहयोगी

आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि 6 व 7 सितंबर को गणेश विसर्जन के लिए मोहारा नदी में निर्मित विसर्जन कुंड में विसर्जन कराए जाने प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की जा रही है। विसर्जन उपरांत वेस्ट मटेरियल, पूजा समाग्री, फूल, कपडे, प्लास्टिक पेपर आदि सुरक्षित एकत्र कर पुर्नउपयोग एवं कम्पोस्टिंग आदि में भेजने के अलावा रानीसागर, सर्किट हाऊस के पास व नंदई चौक में मूर्ति लाने-ले-जाने वाहन की व्यवस्था की जा रही है। इन सबके लिए उप अभियंताओं को सहयोगी बनाया गया है।

## उमंग गणेश उत्सव समिति हमालपारा में चला स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 27 अगस्त से 9 सितंबर तक राज्यव्यापी स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान 2025 का आयोजन किए जाने निर्देश के अनुक्रम में नगर निगम द्वारा गणेश पंडालों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई करना है। इसी कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव के निर्देश पर उमंग गणेश उत्सव समिति हमालपारा में समिति के पदाधिकारियों के साथ निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह सहित पार्षदों की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई के अंतर्गत साफ-सफाई कर झिल्ली-पन्नी उठाया गया। अभियान में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने उपस्थितजनों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। स्वच्छता अभियान में शैंकी बग्गा, वर्षा सिन्हा, सतीश साहू, अरूण साहू, शरद सिन्हा, विजय राय, दीपक खांडे, अनूप पांडे, तिलकराज ध्रुव, मुनेन्द्र साठिया, राजेश मिश्रा, पवन कुर्रे, देवेश साहू, कीर्तन साहू, सपन साहू के अलावा गणेश समिति के पदाधिकारी एवं निगम का अमला उपस्थित था।

स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान में आयुक्त विश्वकर्मा ने निगम व समिति के पदाधिकारियों, अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छता अपनाने शपथ दिलाई। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छ गणेशोत्सव अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजागरूकता लाकर स्वच्छता से जन-जन को जोड़ना है



तथा गणेश पंडालों में स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करना, हस्त निर्मित उत्पाद और पारंपरिक सजावट की वस्तुएं खरीदना, समिति के पास स्ट्रीट फूड विक्रताओं को अपने स्टाल व आसपास साफ-सफाई रखना, प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित स्थल पर प्रतिमा विसर्जित करना तथा विसर्जन उपरांत गणेशोत्सव पंडाल स्थल पर साफ-सफाई कर उनके वास्तवित स्वरूप में लाने की संपूर्ण जिम्मेदारी गणेशोत्सव समिति की होगी।

### गणपति पंडाल में आज अन्नकुट महाप्रसाद भंडारा

**राजनांदगांव।** भगवान गणपित की सेवा में निरंतर 32 वर्षों से समर्पित संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग राजनांदगांव में इस वर्ष भी अन्नकूट भंडारा महाप्रसाद का आयोजन पंडाल परिसर में किया जा रहा है। बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित शर्मा ने बताया कि भंडारा महाप्रसाद का महत्व दान, एकता, आध्यात्मिक लाभ और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है, यह सेवा का प्रतीक माना जाता है, धार्मिक अनुष्ठानों में पवित्रता लाता है और एकता का संदेश देता है। किसी भी शुभ कार्य के पूर्ण होने पर भंडारा महाप्रसाद की परंपरा पुण्य कार्य माना जाता है। भंडारा महाप्रसाद में सभी मिलकर सहभागिता से सेवा कार्य करते हैं एवं मिलकर भंडारा महाप्रसाद ग्रहण करते हैं और आत्म संतुष्टि का अनुभव प्राप्त करते हैं। भंडारा महाप्रसाद आयोजन के मुख्य भंडारा प्रभारी निरंतर 32 वर्षों से सेवा में समर्पित भंडारा प्रमुख पीयुष शर्मा, सह-प्रभारी अरविंद गुप्ता, शैलेष शर्मा के नेतृत्व एवं पूजा पाठ प्रभारी लोकेश अग्रवाल संस्था परिवार के सदस्यों की सहभागिता के साथ बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग कल 5 सितंबर को दोपहर 12 बजे गणेश उत्सव पंडाल रामाधीन मार्ग में विघ्नहर्ता भगवान गणपति की सेवा, पूजा, आरती के साथ ही अन्नकुट भंडारा महाप्रसाद का भोग लगाकर भंडारा महाप्रसाद का आयोजन प्रारंभ होगा।

# बीएसएनएल मोबाइल सेवा भगवान भरोसे, उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

शहर और आसपास में बीएसएनएल मोबाइल धारकों की परेशानी बढ़ गई है। जिसमें बीएसएनएल की मोबाइल सेवा पिछले दो-तीन महीनों से बुरी तरह चरमराई हुई है।

स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि मोबाइल नेटवर्क या तो बिजी बताता है या दूसरे कॉल में व्यस्त दिखाता है। कभी-कभार बात हो भी जाए तो उपभोक्ता खुद को धन्य समझते हैं। स्थानीय निवासी रामकुमार सेन ने बताया कि बीएसएनएल की सेवा अब भगवान भरोसे है। दो-तीन महीने से मोबाइल ऐसे ही चल रहा है। अगर यही हाल रहा तो नंबर पोर्ट कराना ही पड़ेगा। उन्होंने नाराज़गी जताते हुए कहा कि अच्छी सुविधा नहीं मिलेगी तो हम उपभोक्ता फोरम जाने पर विचार कर सकते हैं। अन्य लोगों का कहना है कि बीएसएनएल टावर में कोई तकनीकी सुधार नहीं किया जा रहा है और विभाग की लापरवाही अब संदेह को जन्म दे रही है कि क्या सच में नेटवर्क को बनाए रखने में कोई दिलचस्पी है।



### चार माह पहले टॉवर झुक गया था

ज्ञात हो कि बीएसएनएल का टॉवर मई के महीने में आंधी तूफान में मुड़ गया था उसके बाद से लगातार सर्वर की परेशानी चल रही है। बीएसएनएल के उपभोक्ता रेहान बाबा का कहना है हम महीने भर का पूरा रिचार्ज कराते है, लेकिन उसका पूरा उपयोग नहीं कर पाते। उसी प्रकार से बीएसएनएल के बहुत ही पुराने उपभोक्ता संजीव दुबे ने कहा की मोबाइल के अलावा फाइबर कनेक्शन का भी वही हाल हैं। उपभोक्ता अपने आप को छला महसूस करने लगे है।

### पोर्ट कराना ही होगा

प्रेस क्लब छुईखदान के अध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव ने कहा कि बीएसएनएल के खराब सुविधा से उपभोक्ता परेशान है। अब हमें अपना सिम पोर्ट कराना ही होगा। यहां पर आज तक 5 जी की सुविधा भी उपलब्ध नहीं हो सकी है ।

## सिंहदेव का आत्मीय स्वागत



**डोंगरगांव।** अंबागढ़ चौकी के दौरे पर जाने के दौरान नगर पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कांग्रेस जनों ने आत्मीय स्वागत किया। रेस्टहाउस के सामने में रुकने पर विधायक दलेश्वर साहू की अगुवाई में आतिशबाजी की गई। स्वागत के बाद श्री सिंहदेव ने कांग्रेसजनो से रूबरू होते हुए पार्टी गतिविधियों पर चर्चा की।

इस दौरान पूर्व विधायक छन्नी साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ नरेंद्र साहू, टिकेश साहू, संध्या साहू, गणेश साहू, वीरेंद्र बोरकर, देवेंद्र साहू, मयंक यदु, कमल वैष्णव, रोशन यदु, प्रियंक जैन, महेंद्र वैष्णव, वैशाली बोरकर, कमलेश साहू, गोल्डी खोब्रागढ़े, अमित ठाकुर, महेंद्र भोसले, लीलेश पटेल, पुरूषोत्तम साहू, रियाजुद्दीन सोलंकी, सद्दाम खत्री, गीता सलामे, बशीर खत्री, राकेश साहू, संजय मुटकुरे, बेबी खान, पदमा देवांगन, आरती कोरे, मयंक यदु, कौशल साहू, लक्ष्मी साहू, पुष्पेन्द्र नेताम, संदीप रत्नाकर, नियाजुद्दीन सोलंकी, कमलेश साहू, अमित ठाकुर, इदरीश सोलंकी, सोमन साहू, आकाश साहू, शिव साहू, गोलू साहू, प्रणव साहू , यमन पटेल, भानेश साहू, साहिल, सूर्यप्रकाश यादव आदि मौजूद थे।

# कलेक्टर ने छात्रावास का किया निरीक्षण

- बच्चों की सुविधाओं, स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आज छुईखदान विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम साल्हेवारा स्थित नवनिर्मित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन का औचक निरीक्षण किया। यह छात्रावास दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए संचालित किया गया है, जहां उन्हें अध्ययन के साथ रहने-खाने की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास परिसर का अवलोकन कर बच्चों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास में शिष्यवृत्ति वितरण, दैनिक उपयोग की सामग्री, पाठ्यपुस्तकें तथा अध्यापन व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बच्चों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए उन्होंने पढ़ाई की



### जिम्मेदारी से कार्य करें

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए अधीक्षक व स्टाफ पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करें। छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों को आत्मविश्वास और बेहतर वातावरण उपलब्ध हो, इसके लिए अधीक्षक को सतत निगरानी रखने की बात कही।

प्रगति और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने छात्रावास अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक माह सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। साथ ही बच्चों को समय पर पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले, इसके लिए भोजन की गुणवत्ता और रसोई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित साफ-सफाई पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला, क्षेत्र संयोजक बोधन जोशी एवं अधीक्षक वैभव राहुल उपस्थित रहे।

# गुम हुए कैमरे को पुलिस ने लौटाया

**राजनांदगांव।** गुम हुए कैमरा को खोजकर बसंतपुर पुलिस ने आवेदक को लौटाया, जिस पर आवेदक ने पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया है। पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 सितंबर को पुलिस को मोबाइल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि एक शराबी व्यक्ति अपने पास कैमरा रखा हुआ है। जिससे कैमरा के संबंध में पूछताछ पर किसी प्रकार की संतोषप्रद जवाब नहीं दे पा रहा है।

सूचना पर मौके पर तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग टीम रवाना कर घटना के संबंध में तस्दीक कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। तस्दीक के दौरान उक्त शराबी व्यक्ति से पूछताछ कर शराबी व्यक्ति से कैमरा पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाना लेकर आया। 6 सितंबर को आवेदक थाना उपस्थित आकर सूचा दिया कि वह कार्यक्रम के दौरान अपना निकोन कंपनी का कैमरा कीमती 1 लाख हजार को कार्यक्रम में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी हेतु गया था।

### सुपुर्दनामा किया गया

उसी दौरान यह अपना कैमरा वहीं टेबल से गुम हो जाने के संबंध में अवगत कराए जाने आवेदक को शराबी व्यक्ति से प्राप्त कैमरा दिखाकर आवेदक से कैमरा के दस्तावेज के संबंध में पुष्टि करने उपरान्त आवेदक को सुपुर्दनामा पर दिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक अतहर अली एवं जामिन्द्र वर्मा की अहम भूमिका रही।

## उच्च स्तरीय जांच की मांग

**राजनांदगांव।** अटल बिहारी चिकित्सालय महाविद्यालय पेंड्री में सीटी स्केन मशीन में भ्रष्टाचार को लेकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर जनहित मोर्चा के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू ने सांसद संतोष पांडे, विधायक डॉ. रमन सिंह को पत्र प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि सीटी स्केन मशीन अटल बिहारी चिकित्सालय महाविद्यालय पेंड्री में पांच गुना ज्यादा राशि 12 करोड़ में खरीदी की गई है। मशीन की वास्तविक कीमत 2 करोड़ से अच्छी क्वालिटी का 5 करोड़ के मध्य है। मशीन की खरीदी को लेकर संदेहास्पद वातावरण नांदगांव शहर में बना हुआ है। जिससे शासन की छवि धूमिल हो रही है, क्योंकि उक्त राशि जनता की गाढ़ी कमाई का अंश है। अत्याधिक दाम में खरीदी की गई। जिसकी जांच कराई जाकर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाने की आवश्यकता है।

# सुशासन की सरकार में विकास की रफ्तार तेज : विक्रांत

- कक्ष का लोकार्पण व स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के ग्रापं कुकुरमुड़ा में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला में बालवाड़ी के लिए निर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण व कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी थी वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, जिपं सदस्य जमुना नरेश कुर्रे, शैलेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र त्रिपाठी, दीक्षा पूर्णाचंद गुप्ता, सरपंच चित्ररेखा



गोलू पाल, खेमलाल पाल, यादराम साहू, हरप्रसाद वर्मा व जगन्नाथ वर्मा उपस्थित थे।

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। कई बड़े नेता शराब घोटाले में संलिप्त रहे और जांच के बाद आबकारी मंत्री सहित कई नेता जेल पहुंच गए।

### करोड़ों का भ्रष्टाचार

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार में गौठान योजना और राजीव गांधी युवा मितान क्लब के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार किया गया जबकि भाजपा सरकार बनते ही किसानों को धान अंतर की राशि एकमुश्त दी गई है। साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये सीधे उनके खाते में दिए जा रहे हैं। इससे पहले भवन का लोकार्पण साथ कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ करते हुए उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने कहा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विकास निधि मद से सामुदायिक भवन की दिलाई स्वीकृति

# शताक्षी ने किया भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम राहुद में जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। चुनाव के दौरान ग्रामीणों की मांग पर किए घोषणा को ध्यान मे रखकर उन्होंने अपनी विकास निधि मद से सामुदायिक भवन की स्वीकृति दिलाई है जिसके बाद ग्रामीणों ने कार्यक्रम आयोजित कर उनके हाथों से भवन का भूमिपूजन कराया।

जिपं सदस्य शताक्षी सिंह ने कहा कि भारत गॉवों में बसता है और देश की प्रगति की आधारशिला गॉव और



ग्रामीण ही है। राहुद से उनके पिता स्वर्गीय देवव्रत सिंह का पुराना नाता रहा है और उसी रिश्ते को बनाए रखने वो हमेशा तत्पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि राहुद और यहॉ के लोग दिल में बसे है। यहॉ आने पर उन्हें परिजनों के बीच आने का अनुभव होता है इसलिए यहां से जुड़ी हर मांग और विकास कार्य को सदैव प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बंसीलाल वर्मा ने कहा कि राजा देवव्रत सिंह के आकस्मिक निधन के बाद उनकी सुपुत्री ने इस कार्य की नींव रख कर यह साबित कर दिया कि वो भी अपने पिता की ही तरह काबिल संवेदनशील और हमारे परिवार की सदस्य हैं। सरपंच तेजराम वर्मा ने मांग को पूरा करने पर ग्राम वासियों की तरफ से जिपं सदस्य का आभार जताया। मंचीय आयोजन आद उन्होंने वार्ड 3-4 व वार्ड 8-9 की गलियां जो बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गई है उनका निरीक्षण किया और जल्द सीमेंटीकरण कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों से सीधी मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जानने और उसके निराकरण को लेकर सदैव प्रयासरत रहने का भरोसा दिया।

इस दौरान जनपद सदस्य निर्मला उमेश वर्मा, तेजराम वर्मा, बबला वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, बीरबल वर्मा, रंजीत रजक, मन्नू वर्मा, गौकरण वर्मा, विनोद नेताम, कलीराम बंजारे, नित्यशरण सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# सेजेस में रजत जयंती समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नगर के पीएम श्री लाल मूरत सिंह खुशरो शासकीय अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में 28 अगस्त से 7 सितंबर तक रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनमें पुस्तक वाचन, स्पीड रीडिंग, पुस्तक प्रदर्शनी और एलुमनी बैठक शामिल है। छात्रों को पुस्तकों के महत्व के बारे में बताया गया।


लाइब्रेरी में लगी पुस्तक प्रदर्शनी का छात्रों ने लाभ उठाया। भूतपूर्व छात्रों ने एलुमनी बैठक में अपने अनुभव साझा किए।



### शिक्षण और इतिहास पर आयोजन

समारोह में नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य छात्रों में नई शिक्षा नीति से अवगत कराना था। इसके अलावा इतिहास लेखन का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने गाँव और स्कूल का इतिहास जानने का प्रयास किया। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य पवन कुमार ददरया के मार्गदर्शन में हुआ। संचालन कार्यक्रम प्रभारी महेश सिंह ठाकुर, राकेश रोशन शर्मा, देवेन्द्र वासनिक और किरण वर्मा ने किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने इस आयोजन को सराहनीय योगदान दिया।


शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
प्राचार्य
महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल
राजनांदगांव


समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की
हार्दिक बधाई...
नरेन्द्र गौतम
डायरेक्टर
श्रीराम कृषि महाविद्यालय, ठाकुरटोला, राजनांदगांव


समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ
वेसलियन हिन्दी माध्यम स्कूल
टाकापारा, राजनांदगांव


समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ
ठा.प्यारेलाल स्कूल
राजनांदगांव


समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती निर्मला उमरे
प्राचार्य
शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव


समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
नीरज बाजपेयी
डायरेक्टर
एनबीआईपीएस
बोरी
राजनांदगांव


समस्त शिक्षकों को
शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
डॉ. एस.आर. कन्नोजे
सहायक प्राध्यापक
शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव


शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Teachers' Day
दिलीप कुमार बनपेला
डायरेक्टर, लक्ष्य पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव


शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
Happy Teachers' Day
डॉ. इतेश जंघेल
जंघेल केमेस्ट्री क्लासेस
म्युनिसिपल स्कूल के पास, राजनांदगांव


शिक्षक दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ. के. के. द्विवेदी
प्रोफेसर, कमला कॉलेज, राजनांदगांव


शिक्षक दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनाएं...
के. एल. टाण्डेकर
पूर्व प्राचार्य
शास. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव


शिक्षक दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती श्रद्धा रेड्डी
प्राचार्य
बाल भारती पब्लिक स्कूल, बल्देव बाग, राजनांदगांव




## सार समाचार

### सुरक्षा, यातायात व्यवस्था का जायजा

**राजनांदगांव।** श्रीगणेशोत्सव पर्व के तहत शहर में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर शहर का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ को उचित दिशा-निर्देश भी दिया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने शहर के विभिन्न गणेश पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंडालों में की गई सुरक्षा व्यवस्था और यातायात व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी और जवानों को सतर्कता बरतने तथा आम जनता की सुविधा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

**समितियों से सहयोग की अपील-** उन्होंने गणेश पंडाल समितियों से भी सहयोग बनाए रखने और शांति एवं सौहार्द्र का वातावरण बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक एवं शहर के थाना प्रभारी व अन्य पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### दुर्घटना रोकने पशुओं में लगाया गया रेडियम बेल्ट

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग पर आवारा, घुमंतू पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के तेन्दूनाला, पेंड्री से भानपुरी, टेड़ेसरा से सोमनी सहित राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में घुमंतू पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाया गया। विशेष अभियान में जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा एवं घुमंतू मवेशियों में रेडियम बेल्ट, रेडियम पेंट, रेडियम टेप लगाया जा रहा है। कलेक्टर भुरे ने जिले के सभी पशु पालकों से खुले एवं सड़क पर अपने मवेशियों को नहीं छोड़ने कहा है। उन्होंने कहा कि मवेशी सड़क में मिलने पर संबंधित पशुपालकों पर कार्रवाई की जाएगी।



### सुरगी में एक दिवसीय किसान दिवस कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव में भगवान श्री बलराम जयंती सह एक दिवसीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान बलराम, छत्तीसगढ़ महतारी, हल, मूसल एवं अन्य पारंपरिक कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना कर कृषकों की अच्छी उपज की कामना की गई। कार्यक्रम में समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत ने किसानों को पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पारंपरिक खेती के संबंध में व्याख्यान दिया गया एवं प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों बीजामृत, जीवामृत, घन-जीवामृत एवं कीट नियंत्रण हेतु नीमास्त्र बनाने की विधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों को विभिन्न गतिविधिओं के माध्यम से कृषकों को प्राकृतिक खेती के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर हिरेन्द्र साहू, ईश्वरचंद श्रीवास्तव, राजा माखीजा, अभिषेक चंद्राकर, डॉ. गुंजन झा, अंजली घृतलहरे, डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, मनीष कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र श्रीवास, आशीष गौरव शुक्ला, सुशीला रामटेके सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।



### विस अध्यक्ष का बौद्ध समाज ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** छग विधानसभा के नवनिर्मित परिसर में 25 फीट ऊंची भारतरत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समाज ने आभार व्यक्त किया है। बौद्ध समाज के वरिष्ठ एवं भाजपा कार्यकर्ता विनोद श्रीरंगे ने कहा पूर्व में समाज द्वारा डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया गया था। विधानसभा परिसर में डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने समाज द्वारा अनुरोध किया गया था। श्री श्रीरंगे ने बताया कि समाज के इस मांग को संज्ञान में लिया और उसे सार्थक रूप से प्रतिमा स्थापित करने में अपना भरपूर प्रयास किया। यह निर्णय संविधान निर्माता के प्रति हमारी कृतज्ञता प्रतीत होता है। साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का आधार स्तंभ बनेगा।



### नीरज पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री में 20 अगस्त को विद्यार्थियों में स्वास्थ्य जागरूकता लाने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सराहनीय व प्रशंसनीय पहल किया गया। इस शिविर में डॉ. तन्मय मोतीवाला के निर्देशन में एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के आंख, कान, दांत, ब्लड-टेस्ट, ब्लड-प्रेशर आदि स्वास्थ्य का परीक्षण किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिए एवं संतुलित आहार, हरी सब्जियां एवं नियमित दिनचर्या में व्यायाम को जीवन-शैली में शामिल करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्हें जंक-फूड न खाने की सलाह भी दी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन निदेशक मंडल के चेयरमेन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डॉयरेक्टर कमलेश उभरानी, नीरज बाजपेयी, संतोष कांकरिया, प्रीतक बाजपेयी, राजेश जैन ने शिविर का निरीक्षण कर इसकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। शाला प्राचार्य भारती गौते ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है और भविष्य में भी शाला इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा।



### विधानसभा अध्यक्ष ने सहकारी सम्मेलन में की शिरकत

# सहकारिता के माध्यम से किसानों के जीवन में आ रही खुशहाली व परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा आयोजित सहकारी सम्मेलन में शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कृषक यहां सहकारी सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे है। उन्होंने कहा कि सहकारिता में बहुत ताकत है। सहकारिता के माध्यम से किसानों के जीवन में खुशहाली एवं परिवर्तन आ रहे हैं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की शुरूआत की थी तथा किसानों को ऋण देने की व्यवस्था की थी। छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया गया। जिससे उनके जीवन में खुशहाली आई। सहकारिता एक चमत्कार है और केंद्रीय सहकारिता बैंक से चारो जिले के 5 लाख 40 हजार किसान सहकारिता से लाभान्वित हो रहे हैं। इस अवसर पर विधायक पंडरिया श्रीमती भावना बोहरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक केदारनाथ गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।



#### किसान देश का सम्मान

वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि देश के विकास के लिए जय जवान-जय किसान का अह्वान किया गया। किसान देश का सम्मान है और किसानों से देश की उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है और सभी सहकारिता से जुड़े हैं। सहकारिता का यह आंदोलन जन-जन तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप हमारा देश विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित हुआ है।

#### 80 प्रतिशत आबादी प्राथमिक साख समितियों से जुड़ी

अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल ने प्रतिवेदन का वाचन किया। उन्होंने बताया कि बैंक की अंशपूंजी 31 मार्च 2024 पर 19244.60 लाख रुपए थी, जो 31 मार्च 2025 में बढ़कर 20557.82 लाख रुपए हो गई है अर्थात अंशपूंजी में 1313.22 लाख रुपए की वृद्धि हुई है। निधियों में 5636.66 लाख रुपए की वृद्धि हुई है। 31 मार्च 2025 पर बैंक का शुद्ध लाभ 2123.56 लाख रुपए एवं संचित लाभ 5830.43 लाख रुपए है। 31 मार्च 2025 पर बैंक का एनपीए 4244.25 लाख रुपए है, जो कुल ऋण का 6.24 प्रतिशत है। बैंक द्वारा वर्ष 2024-25 में कृषकों को 160529.88 लाख रुपए का ऋण वितरण किया गया है। बैंक के कार्यक्षेत्र में कुल 275 खाद केन्द्र संचालित है। जिसके माध्यम से कृषकों को खाद उठाव करने में सुविधा प्राप्त हो रही है। साथ ही कुल 282 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से शासन द्वारा धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 80 प्रतिशत आबादी प्राथमिक साख समितियों से जुड़ी हुई है।

### सम्मान समारोह का आयोजन आज

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह पं.क्र. 1282 उपसमिति राजनांदगांव द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कल 5 सितंबर को दोपहर 3 बजे से महाराणा प्रताप मंगल भवन चिखली में किया जाएगा। समाज के उत्कृष्ट शिक्षकों एवं सेवानिवृत्ति शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी ठा. आदर्श सिंह ने दी।

### जनता को मिली बड़ी सौगात - विवेक

**राजनांदगांव।** केंद्र की प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने 12 और 28 प्रतिशत जीसटी को खत्म कर 5 और 18 प्रतिशत कर आम जनता को बड़ी सौगात दी है। इस परिवर्तन से देश की विकास में तेजी व आर्थिक मजबूती मिलेगी, जरूरत की चीजे सस्ती होगी। जिला भाजपा के पूर्व मंत्री विवेक साहू ने जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद घोषणा का स्वागत करते कहा कि मोदी बड़े फैसले लेने के नाम से जाने जाते हैं। जिससे जनता को राहत मिलेगी।

## झांकी मार्ग पर फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्रीगणेशोत्सव पर्व के तहत निकलने वाली विसर्जन झांकी को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने विसर्जन झांकी रूट में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



श्रीगणेश विसर्जन झांकी की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा 2 सितंबर को शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च पोस्ट ऑफिस चौक, भारतमाता चौक, बसंतपुर थाना चौक, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक एवं गंज चौक सहित विभिन्न चौराहों से होकर निकला।

इस दौरान झांकी रूट पर लाइटिंग, बैरिकेड्स, फायर ब्रिगेड की तैनाती और यातायात व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई।

#### अधिकारी रहे शामिल

फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, तहसीलदार अमिय श्रीवास्तव, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामेंद्र सिंह, थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक एमन साहू एवं पुलिस लाइन से निरीक्षक आशीर्वाद रहटगावकर व अन्य पुलिस अधिकारी भी शामिल रहे और उन्होंने भी तैयारियों का जायजा लिया।

## नहीं मिल रही मार्कशीट, भटक रहे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के दिग्विजय महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पिछले लंबे समय से शैक्षणिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगभग दो वर्षों से तृतीय, चतुर्थ, पंचम और षष्ठम सेमेस्टर की मार्कशीट छात्रों को उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस कारण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के अवसरों में भारी कठिनाइयां झेलनी पड़ रही है।

प्रथम सेमेस्टर के वे छात्र, जिनका परिणाम एटीकेटी आया था और जिन्होंने रिटोटलिंग हेतु आवेदन किया था, उनकी मेहनत भी अधर में लटकी हुई है। महीनों बीत जाने के बावजूद इन छात्रों के परिणाम अभी तक घोषित नहीं किए गए हैं। जिससे पूरा शैक्षणिक सत्र प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। केमिस्ट्री ऑनर्स के विद्यार्थियों की स्थिति और भी दयनीय है। उन्हें कभी एक कक्षा, तो कभी दूसरी कक्षा में बैठाकर पढ़ाया जाता है। कई बार तो उन्हें कक्षाओं से निकाल भी दिया जाता है। जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है और भविष्य प्रभावित हो रहा है। इन सभी समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने महाविद्यालय प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है।

परिषद का कहना है कि लंबित मार्कशीट का वितरण तत्काल किया जाए। रिटोटलिंग के सभी लंबित परिणाम घोषित किया जाए। ऑनर्स विषयों, विशेषकर केमिस्ट्री ऑनर्स छात्रों के लिए अलग कक्षा की व्यवस्था की जाए। एबीवीपी ने कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो परिषद आंदोलन का रास्ता अपनाने बाध्य होगी। संगठन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आंदोलन से उपजी किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।

छात्रों का कहना है कि फीस समय पर जमा करने के बावजूद उन्हें समय पर परिणाम और मार्कशीट नहीं मिल रही है। इससे न केवल उनका शैक्षणिक जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि करियर और भविष्य भी अधर में लटक रहा है। इस दौरान प्रांत सह संयोजक चांदना श्रीवास्तव, जिला संयोजक जीत प्रजापति, नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव, निकिता श्रीरंगे, जीत शर्मा, युक्ता मांडवी, साईं रमित, नगर कार्यकारणी सदस्य एवं कॉलेज छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गणपति सेवा पंडाल में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**राजनांदगांव।** शहर के पाश इलाके लक्ष्मी नगर कालोनी में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। समाज से जुड़े हर वर्ग के लोगों को गणेश उत्सव से जोड़ने के लिए कालोनी निवासी लगातार रोज नए आयोजन कर रहे हैं। गणपति बप्पा की स्थापना के दिन से ही रोजाना संध्या आरती के बाद समाज को एक सूत्र में जोड़े रखने नित्य नए आयोजन कर रहे हैं।

लक्ष्मीनगर कॉलोनी गणेश उत्सव समिति ने समाज को एक सूत्र में पिरोकर रखने के लिए गणेश पंडाल में रोजाना संध्या आरती के बाद एक अलग आयोजन कर रहे हैं। इनमें पहला दिन आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के लोगों को भक्ति की धुन में अपनी आवाज लोगों तक पहुंचाने एक मंच प्रदान किया गया। इस मंच के माध्यम से समाज के हर तबके को गणेश उत्सव से जोड़ने की कोशिश की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और भक्ति रस में डूबे हुए गीत-संगीत का आनंद लिया। आयोजन की श्रृंखला में दूसरे दिन शहर के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस कड़ी में शहर के वरिष्ठ नागरिक श्रीमती लव शुक्ला, आशा झा, अनिल मिश्रा, पुष्पा बवेजा, ग्वालू, रामबाई साहू, शशि ठाकुर, सरस्वती बक्शी, आशा मांझेवर, रुक्मणी साहू, बीआर साहू सहित अन्य का सम्मान किया गया है।



#### भजन संध्या में झूमे कॉलोनीवासी

मंगलवार को भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भजन में रूचि रखने वाले लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही गोंदिया से आई भजन संध्या की टीम ने भी अपनी जोरदार प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर कॉलोनी निवासी मंत्रमुक्त हो गए। गणेश उत्सव के इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के संजय बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा वीरांगना अध्यक्ष सुषमा सिंह, अमित झा, प्रकाश शुक्ला, मनीष मेजरवार का विशेष सहयोग रहा।

## छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पदुमतरा में निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति शीला टाकेश सिन्हा शामिल थे। इस दौरान जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू, सरपंच हिना साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश साहू और शाला विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। संस्था के प्रभारी प्राचार्य हेमकांत मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 9वीं की 33 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया।



मुख्य अतिथि शीला सिन्हा ने छात्राओं को पढ़ाई का महत्व बताया तथा प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित रहने प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को साइकिल मिलने से भी काफी खुश तो हैं, इससे उनकी शिक्षा की राह आसान हुई है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश साहू ने विद्यालय के बारे में मुख्य अतिथि को विस्तार से बताया। सरपंच हीना साहू ने बच्चों का मार्गदर्शन किया तथा जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। अंत में आभार प्रदर्शन समीरकांत यदु व संचालन संतोष वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हरिकिशन सेन, दुर्गा राम, कालूराम, घनश्याम साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिले के सभी विकासखंड में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों विकासखंडों से 12 दलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिले के चारों विकासखंड के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

डोंगरगढ़ विकासखंड से प्रतिनिधित्व करते तीनों दलों ने शानदार प्रदर्शन किया। डोंगरगढ़ विकासखंड के दो दलों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 6 सितंबर को आयोजित होने वाले संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। प्रथम स्थान प्राप्त दल में शा.उ.मा. विद्यालय बोरतलाव, अंडी, हाईस्कूल बरनाराकला, सेंदरी के छात्र और द्वितीय स्थान प्राप्त दल में शा. उ. मा.शाला बागरेकसा, बागनदी और चारभाठा के छात्र शामिल थे।



इसी प्रकार तृतीय स्थान शा.उ.मा. शाला रीवागहन विकासखंड राजनांदगांव ने प्राप्त किया। विजयी दलों को 7 हजार रुपए, 5 हजार रुपए, 3 हजार रुपए सम्मान राशि, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। सांत्वना पुरस्कार विजेता महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनंदगांव, डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा.विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव, शा.उ.मा. विद्यालय पिनकापार छुरिया, सेजेस अंग्रेजी माध्यम डोंगरगांव, सेजेस हिंदी मध्यम डोंगरगांव कुल पांच टीमों को प्रति टीम 2 हजार रुपए सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विजयी दलों को जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल एवं जिला परियोजना अधिकारी रश्मि सिंह ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में पार्षद शेखर यादव, खेमीन यादव उपस्थित थे।

इस अवसर पर निर्णायक के रूप में यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक झालम सिंह, सहायक परियोजना सामान्य समग्र शिक्षा आदर्श वासनिक, प्रणिता शर्मा, मनोज मरकाम, व्याख्याता शास्त्री उ.मा.विद्यालय भानपुरी शीतल दास, व्याख्याता सेजेस डोंगरगांव नेहा साहू ने अपनी सेवाएं दी।



# पीएम मोदी के नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक, जनता को मिलेगी राहत: भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले लिए गए, जिनसे सीधे तौर पर



आम लोगों से लेकर कारोबारियों तक को राहत मिलेगी। इस जनहितैषी निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता और व्यापारियों के हित मे पीएम नरेन्द्र मोदी समर्पण भाव से कार्य कर रहें हैं। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का निर्णय ऐतिहासिक एवं व्यापारियों और आम जनता को राहत तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। बैठक में यह तय हुआ कि अब सिर्फ दो जीएसटी स्लैब रहेंगे 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत यानि 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब खत्म हो जाएंगे। केंद्र सरकार के इस फैसले से रोजमर्रा के सामान सस्ते होंगे और जीवन रक्षक दवाओं को टैक्स से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लाल किले की प्राचीर से जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने की घोषणा की थी, जिसे पूरा करते हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में जनहित, व्यापारियों एवं देश की आर्थिक विकास हेतु यह महत्वपूर्ण निर्णय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में लिया गया। इसके पूर्व भी प्रतिवर्ष 12 लाख रुपए तक कि आय को टैक्स फ्री करके बड़ी राहत देने के बाद यह जनहितैषी निर्णय आम आदमी को राहत देने वाला है। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती से आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। व्यापक सुधार हमारे नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और सभी के लिए विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और व्यवसायों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। यह प्रधानमंत्री द्वारा हर भारतीय के लिए दीपावली के पूर्व विशेष उपहार है, जिससे पूरा देश हर्षित है और इसका स्वागत कर रहा है। इस दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ का कुल जीएसटी और वैट राजस्व 23,448 करोड़ तक पहुंचा और जीएसटी कलेक्शन में हमारा राज्य प्रथम स्थान पर रहा, जो प्रदेश में सुशासन सरकार के विकास और विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल जैसे राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से एक ओर स्थानीय कारोबार को प्रोत्साहन देने, देश की अर्थव्यवस्था को गति देने एवं स्थानीय विक्रेताओं, कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास के बाद यह निर्णय देश के विकास को नई गति देगा नेक्स्ट-जेन जीएसटी सुधार देश के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आएगा। इस निर्णय से आवश्यक उपभोक्ता वस्तुएं, शिक्षा से संबंधित सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएं तथा कृषि उपयोगी सामान अधिक किफायती होंगे। इसके परिणामस्वरूप आमजन का दैनिक जीवन सरल होगा और उनकी आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं का सुलभ होना समाज की बड़ी आबादी को सीधे राहत प्रदान करेगा, वहीं कृषि क्षेत्र को भी आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की सस्ती उपलब्धता से लाभ होगा, जिससे उत्पादन क्षमता और किसानों की आय दोनों में वृद्धि की संभावना है। साथ ही, उद्योग एवं व्यापार जगत को भी इस सुधार से सहूलियत प्राप्त होगी, जो समग्र आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगी।

### उपभोक्ता, व्यापारी एवं किसान-सभी को समान रूप से लाभ मिलेगा

श्रीमती बोहरा ने कहा कि यह निर्णय कर प्रणाली को अधिक सरल और व्यावहारिक बनाता है तथा पारदर्शिता को भी सुदृढ़ करता है। इससे कर संरचना में स्थिरता आएगी और उपभोक्ता, व्यापारी एवं किसान-सभी को समान रूप से लाभ मिलेगा। यह सुधार केवल राजस्व व्यवस्था तक सीमित न रहकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ठोस प्रगति का आधार बनेगा और देश की विकास यात्रा को और सुदृढ़ करेगा। अब टैक्स के केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के 2 ही स्लैब होंगे। स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी खत्म करने का निर्णय भी स्वागतयोग्य है। बैठक में हुए फैसलों से अनेक आवश्यक वस्तुओं के दाम कम हो जाएंगे। इसका फायदा गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार से लेकर हर छोटे-बड़े उद्यमी को होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के उद्देश्य के साथ कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं जिनसे आज सामान्य जनता, गरीब, युवा, महिला, किसान, व्यापारी हर वर्ग का विकास सुनिश्चित हो रहा है और हमारा भारत आत्मनिर्भर एवं सशक्त हो रहा है।

### आम आदमी की रोजमर्रा उपयोगी वस्तुओं में राहत देने के उद्देश्य से लिया गया निर्णय

उन्होने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह आम आदमी की रोजमर्रा जरूरतों में उपयोगी वस्तुओं में राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप, साबुन, टूथब्रश, सायकल, टेबलवेयर और अन्य घरेलू सामान 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आएंगे। भारतीय ब्रेड को जीएसटी से छूट दी गई है और अब उन पर पहले की 5 प्रतिशत की दर से कोई कर नहीं लगेगा। नमकीन, सॉस, पास्ता, इंस्टेंट नूडल्स, कॉफी, मक्खन, घी, कॉर्नफ्लेक्स और चॉकलेट जैसे पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर भी कम दर से कर लगेगा। 350 सीसी तक की छोटी कारों और मोटरसाइकिलों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा वहीं सभी ऑटो-मोबाइल पार्ट्स पर 18 फीसदी टैक्स। सीमेंट पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया है जिससे अपना घर बनाने में लागत कम होगी। वहीं स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु 33 जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से शून्य और 3 दवाओं पर 5 प्रतिशत से शून्य कर दिया है। ये बदलाव गरीब परिवारों के लिए दवा की पहुंच आसान बनाएंगे। व्यक्तिगत जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा सेवाओं पर से जीएसटी खत्म करने का फैसला किया गया है। यह गरीब-हितैषी और विकासोन्मुखी निर्णय है।

## खबर संक्षेप

### खेलों में राष्ट्रीय उपलब्धि के साथ जिले में मिली पहचान: राजर्षि पांडेय

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** सपने कभी सच्चे नहीं होते और संकल्प कभी



अधूरे नहीं होते इस कहावत को शिक्षक राजर्षि पांडेय ने चरितार्थ किया है। 1995 से शिक्षण सेवा में आए श्री पांडेय ने शुरुआत अवैतनिक अध्यापन से की। शिक्षा के साथ-साथ पाठ्येत्तर गतिविधियों में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। जैसे कबड्डी, खो-खो व एथलेटिक्स में उनके मार्गदर्शन से 200 से अधिक राज्य स्तरीय खिलाड़ी, 10 राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार हुए, जिनमें से खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। सीमित संसाधनों वाले विद्यालय से मिली यह उपलब्धि विशेष है। खेलों के साथ लोक कला, योग प्रशिक्षण और कोच-मैनेजर की सेवाओं में भी उनका योगदान रहा। उनकी प्रेरणा से आज सिंगपुर खेलों की नर्सरी के रूप में जाना जाता है। शिक्षा, योग, बहुकक्षा शिक्षण, डीआरजी, गरीब बच्चों की मदद, शाला त्यागी बच्चों की वापसी, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, खेल दिवस आयोजन और कोरोना काल में लंबी दूरी की ट्रैक दौड़ जैसी पहल को राज्य स्तर पर सराहना मिली। उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा रत्न पुरस्कार, राज्यपाल पुरस्कार और डॉ मुकुटधर पांडेय स्मृति सम्मान प्राप्त हुआ।

### धनेली में श्री सीताराम नाम संकीर्तन सम्पन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी 03 व 04 सितम्बर तक 24 घंटे का श्री सीताराम नाम संकीर्तन रामधुनी का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया, जिसमें आसपास एवं दूर-दूराज से श्री सीताराम संकीर्तन मंडलियों का आगमन हुआ तथा बड़े ही सुन्दर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। ग्राम धनेली के समितियों द्वारा सभी मंडलियों का श्रीफल एवं राम दरबार फोटो भेंटकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम धनेली के महामाया बोलबम समिति, त्रिवेणी मानस परिवार, महामाया महिला बोलबम समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे ग्राम धनेली सहित आस पास के गांवों में भक्तिमय का वातावरण रहा।

### जिले में डिजिटल पारदर्शिता की नई शुरुआत

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला प्रशासन ने पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में शासन के निर्देशों को तेजी से अमल में लाया है। कलेक्टर के कुशल निर्देशन में डिजिटल इंडिया की तर्ज पर जिले में एक ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है। अब जिले की सभी 468 ग्राम पंचायतों में महत्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत किए गए कार्यों की जानकारी आम ग्रामीण सीधे क्यूआर कोड स्कैन कर प्राप्त कर सकेंगे।

### समाज के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

# मुख्यमंत्री के अपमान के विरोध में आदिवासी समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सोमवार रात्रि लगभग 1 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा घायल गाय को लेकर कवर्धा जिला पशु चिकित्सालय लाया गया। रात्रिकालीन चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध न होने पर आक्रोशित होकर उन्होंने समीप में लगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोस्टर पर गोबर लगा कर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किया। इस घटना को आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री और पूरे समाज का अपमान बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मांग कि तुकाराम चंद्रवंशी के खिलाफ एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की उपयुक्त धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्जकर 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की जाए। यदि समय-सीमा में कार्यवाही नहीं की जाती है तो आदिवासी समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री हैं और इस प्रकार का कृत्य न केवल एक जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि संपूर्ण आदिवासी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। समाज के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज के गौरव विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि संपूर्ण आदिवासी समाज की ऐतिहासिक पहचान, गरिमा और सम्मान का प्रतीक है। किन्तु दुःख और आक्रोश का विषय है कि कवर्धा नगर में तुकाराम चंद्रवंशी नामक व्यक्ति ने खुले आम सार्वजनिक चौराहे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पोस्टर पर घृणित और अपमानजनक कृत्य करते हुए उनके चेहरे पर गोबर पोत दिया। यह कार्य न केवल मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि समूचे आदिवासी समाज की अस्मिता और गौरव पर सीधा हमला है।

वहीं सैकड़ो की संख्या में कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे आदिवासी समाज लोगो में प्रमुख रूप से विदेशी राम धुर्वे, राजेश छेदावी, हेमंत ठाकुर, पूरण धुर्वे, संतराम धुर्वे, मनोहर, बिहारी धुर्वे, ईश्वरी धुर्वे, मोहन धुर्वे, चैन सिंग धुर्वे, लाला राम धुर्वे, मनोहर धुर्वे, राजेन्द्र कुंजम, सुनीता कुंजम, भगवंती मरकाम, काशीराम, भरत, प्यारे मरकाम, शिवचरन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थें।

### आरोपी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की अपील



आदिवासी समाज ने हमेशा संविधान की मर्यादाओं, कानून के राज और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान किया है। किंतु इस घटना से आदिवासी समाज की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं। यह कृत्य योजनाबद्ध और समाज को नीचा दिखाने की मानसिकता से प्रेरित प्रतीत होता है। अतः तुकाराम चंद्रवंशी पर तत्काल एफआईआर दर्जकर कठोर दंडात्मक कार्यवाही करना आवश्यक है। यदि दोषी पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो यह अन्य असामाजिक तत्वों को भी समाज और शासन के विरुद्ध अनैतिक कृत्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। समाज के गौरव आदिवासी मुख्यमंत्री का ऐसा अपमान समाज कभी बर्दास्त नहीं करेगा। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को बिना देरी के उचित कार्यवाही करनी चाहिए।

# शिक्षक राकेश कुमार सोनी का शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कई कुकदूर

पंडरिया विकासखण्ड के अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में पदस्थ शिक्षक राकेश कुमार सोनी ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए समाज में अपनी विशेष पहचान बनाई है। श्री सोनी ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार आधारित अध्यापन, पालक-शिक्षक सहभागिता, स्पोकन इंग्लिश, मोटिवेशन, खेलकूद एवं योग गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में योगदान दिया है। कोविड-19 काल में ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा की निरंतरता बनाए रखना तथा हॉयर सेकेंडरी स्तर पर अतिरिक्त समय देकर जीव विज्ञान, रसायन एवं अंग्रेजी विषय का अध्यापन कर विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत परिणाम दिलाना इनकी विशेष उपलब्धियों में शामिल है। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थी डॉक्टर एवं शिक्षक के रूप में चयनित होकर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रौशन कर चुके हैं। साथ ही उन्होने विकसित भारत संकल्प यात्रा में उद्घोषक, लोकसभा-विधानसभा-पंचायत चुनावों में अधिकारी तथा छत्तीसगढ़ सुशासन तिहार में सफल मंच संचालन कर शिक्षा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन भी किया है। शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है।



### संभाग स्तरीय किशोर वर्ग खेल संपन्न



**हरिभूमि पांडातराई।** सरस्वती शिशु मंदिर अखिल भारती शिक्षा संस्थान संभाग स्तरीय किशोर वर्ग खेल पांडातराई में खेल संपन्न हुआ, जिसमें व्हॉलीबॉल में प्रथम स्थान कबीरधाम जिले की बहनों ने प्राप्त किया। वहीं विजयी प्रतिभागियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कप्तान मुस्कान साहू, जया यादव, तुलसी साहू, श्रद्धा चंद्रवंशी, यामिनी साहू, लुभी साहू, संजना साहू का विशेष योगदान रहा।

### पर्यावरण संरक्षण व समाजहित कार्यों के लिए सम्मानित किया गया महेश सिंह ठाकुर



**हरिभूमि कवर्धा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर महेश सिंह ठाकुर सहायक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक शाला मरपा का विशेष रूप से उनके पर्यावरण संरक्षण और समाजहित कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। पिछले सात वर्षों में टीम हरीतिमा के सदस्य के रूप में उन्होंने 11 हजार से अधिक पौधों का सफल रोपण कर कवर्धा शहर को हरियाली की अनोखी पहचान दी है। विशेष बात यह है कि इन पौधों की शत-प्रतिशत सफलता उनके निरंतर देखरेख और समर्पण का परिणाम है। उनका प्रयास न केवल पौधरोपण तक सीमित रहा, बल्कि पर्यावरण समाधान और संवर्धन की दिशा में भी उन्होंने लगातार जागरूकता अभियान चलाए। श्री ठाकुर ने शिक्षा के साथ-साथ समाज में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वास्थ्य जागरूकता, वृद्धजन सम्मान, खेलकूद, साहित्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे अब तक 200 से अधिक मंचों पर सफल संचालन कर चुके हैं और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया है। पर्यावरण, शिक्षा और समाजहित के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए उन्हें राज्यपाल पुरस्कार, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, मुख्यमंत्री अक्षर सम्मान, शिक्षा मार्तंड पुरस्कार (नई दिल्ली), शिक्षा दूत पुरस्कार सहित कई सम्मान प्राप्त हुए हैं।

# गन्ने का मूल भुगतान करीब 9 करोड़ बाकी, बोनस व लाभांश भुगतान लंबित

- किसानों को जल्द ही पूर्ण भुगतान नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस करेगा कलेक्ट्रेट घेराव: रवि चन्द्रवंशी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



सहकारी शक्कर कारखाना पंडरिया में गन्ना उत्पादक किसानों की स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है, गन्ना उत्पादक किसानों को पिछले 9 माह से अपने बेचे हुए गन्ने की भुगतान को लेकर सिर्फ मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाकर बहलाया जा रहा है, जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति सिर्फ अपनी वाहवाही कराने में मस्त है।

जिस पर किसान कांग्रेस जिला प्रभारी रवि चन्द्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन और प्रबंधन से कहा कि मां के गर्भरत्न से बच्चा भी 9 महीने बाद दुनिया में आ जाता है, पर इस भाजपा सरकार व कारखाना प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा यह है कि पिछले 9 महीने पूर्व गन्ना विक्रय करने वाले किसानों के हाथ आज भी खाली है, एक ओर जहां खेती किसानी और तीज त्यौहारो का समय है, किसानों को साहूकारों से ब्याज में राशि लेकर काम चलाना पड़ रहा है, जो की अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होने बताया कि आज की स्थिति में करीब 9 करोड़ का मूल भुगतान सहित बोनस और लाभांश की राशि सब मिलाकर लगभग 30 करोड़ रुपए से भी अधिक राशि पंडरिया क्षेत्र के 6500 किसानों को मिलना है, साथ ही शेयरधारी किसानों को शक्कर वितरण भी होना है, जिसके बारे में भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक को कोई खबर नहीं है, किसानों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन कर किसानों को कुछ हद तक भुगतान कराई गई है और आगे भी किसानों के अधिकारो के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा, यदि जल्द ही कारखाना प्रबंधन किसानों को पूर्ण भुगतान नहीं किया गया तो किसानों के साथ मिलकर किसान कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय घेराव कर अपना अधिकार लेगी।

### मां खाडा देवी महिला मानस मंडली ने सुंदरकांड व मानस गायन-भजन कीर्तन किया



**हरिभूमि कोलेगांव।** मां खाडा देवी महिला मानस मंडली दुल्लापुर के द्वारा मां शीतला मंदिर स्थित श्री गणेशोत्सव पंडाल में सुंदरकांड का पाठ साथ ही साथ मानस गायन-भजन कीर्तन किया एवं प्रथम पूज्य गौरी नंदन विघ्नहर्ता गजानन स्वामी से समस्त ग्रामवासी दुल्लापुर व क्षेत्रवासियों के लिए मंगलमय प्रार्थना की। बताया जाता है कि विगत 4-5 वर्षो से दुल्लापुर की माताएं महिला मंडली आयोजित हो रही है वहीं प्रत्येक शनिवार को क्रम से सभी घरो में मानस का पाठ गायन साथ ही साथ कोई भी हिन्दू धर्म का पर्व हो बड़े आनंद उत्सव के साथ मनाती है, बड़ी संख्या में माताएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। उक्त जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा के द्वारा प्राप्त हुआ, उन्होने बताया कि गांव-गांव में शहर शहर में घर-घर में श्री गणेश महाराज विराजमान है और आने वाले रविवार 7 सितंबर पूर्णिमा को चंद्र ग्रहण है सूतक दोपहर 12:57 से लग जाएगा और ग्रहण स्पर्श रात्रि 9:57 मिनट से शुरू होकर रात्रि 1:26 में समाप्त होगा, अनंत चतुर्दशी 6 सितंबर शनिवार को है।

### सूरत की सफाई व्यवस्था, अपशिष्ट पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को विस्तार से समझा

# नगर पालिका पंडरिया प्रतिनिधिमंडल ने सूरत में सीखी स्वच्छता की उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा एवं सुडा के अधिकारियों के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के नगर पालिकाओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज सूरत पहुंचा। इस अध्ययन भ्रमण का उद्देश्य सूरत नगर निगम द्वारा अपनाई गई स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का अवलोकन एवं अनुभव प्राप्त करना था। भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, प्लास्टिक रीसाइक्लिंग प्लांट तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। सूरत की सफाई व्यवस्था, आधुनिक मशीनरी का उपयोग, अपशिष्ट पृथक्करण एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रिया को विस्तार से समझा गया। सूरत नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि किस प्रकार जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और सतत निगरानी के माध्यम से शहर ने स्वच्छता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे एवं सीएमओ अमिताभ शर्मा ने सूरत की स्वच्छता व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां अपनाए गए सर्वोत्तम प्रथाओं को पंडरिया नगर पालिका में लागू करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे नगर को और अधिक स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सकें।



## खबर संक्षेप

### आसमान से बरसा अमृत, किसान खुश

**कवर्धा।** बीते कई दिनो से आसमान में टकटकी लगाए बैठे जिले के असिंचित क्षेत्र के किसानो पर मौसम ने रहमत बरसाई है। अंचल में अचानक बदले मौसम के बीच जिले के मैदानी ईलाकों से लेकर वनांचल ईलाकों में इस समय लगातार रूक रूककर हल्की तेज बारिश हो रही है। माना जा रहा है कि सिंचाई के आभाव में लगभग बर्बाद होने के कगार पर पहुंच चुकी असिंचित क्षेत्र में ली जा रही धान की फसल के लिए यह बारिश अमृत से कम नहीं है। अंचल में हो रही इस बारिश से किसानो में खुशी देखी जा रही है और वे उम्मीद जता रहे हैं कि अब उनकी धान की फसल संभल जाएगी।

# बोड़ला नगर में लग रही स्ट्रीट लाइट में भारी अनियमितता, घटिया दर्जे का कार्य देख लोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला में 19 लाख 96 हजार रुपए की लागत से लगने वाली स्ट्रीट लाइट में खुला भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर हो रही है। लेकिन इस भर्राशाही पर न तो नगर पंचायत के अधिकारी कोई कार्यवाही कर रहे हैं और न ही प्रशासन में बैठे आला अधिकारी इस पर कोई ध्यान दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत में स्टीमेट के अनुसार यहां 55 पोल लगाने थे पर ओबेवे में टेंडर के कारण 50 पोल ही लगाए गए हैं और इसमें भी संबंधित ठेकेदार द्वारा जमकर कांटा मारी करते हुए बेतरतीब और घटिया दर्जे के कार्य को अंजाम दिया गया है। अंडर ग्राउंड केबल का हिस्सा खम्भे के ऊपर से गया। इसके अलावा इस कार्य में 7 मीटर ऊंचे पोल, आधुनिक एलईडी स्ट्रीट लाइट फिटिंग, एचडीपीई पाइप बिछाने, अर्थिंग, पेंटिंग, वायरिंग और टर्मिनल बॉक्स लगाने जैसी व्यवस्थाएं शामिल की गई थीं। लेकिन हकीकत यह है कि योजना का बड़ा हिस्सा अधूरा और घटिया ढंग से किया गया है। बावजूद इसके नगर पंचायत के इंजीनियर और विभाग, ठेकेदार के आगे मजबूर व लाचार नजर आ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि लगाए गए पोलों पर लगी लाइटों में से आधी ही जल रही हैं, बाकी लाइटें बंद पड़ी हैं।

इससे रात के समय अंधेरे में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। पोल गाड़ने और वायरिंग के लिए सड़क की खुदाई की गई थी, मगर उसकी मरम्मत अभी तक नहीं की गई है। बरसात में यही गड्ढे अब गंदगी और कीचड़ से भर गए हैं, जिससे व्यापारी और राहगीर दोनों परेशान हैं। त्यौहारों के सीजन में दुकानों के सामने हालात बिगड़ने से व्यापारी नाराज व आक्रोशित हैं।

एक व्यापारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हमने स्ट्रीट लाइट मांगी थी बदले में हमें अंधेरा और कीचड़ मिला। वहीं एक ग्रामीण ने तंज कसते हुए कहा कि पैसा ठेकेदार और अफसर की जेब में गया, और जनता को सिर्फ गड्ढे और बंद लाइटें मिलीं। व्यापारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सारा खेल कमीशन का है जिसके चलते ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर नगर की जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर सीधे डाका डाल रहा है।



### दुरुस्त कराई जाएगी व्यवस्था

ठेकेदार को कार्य मरम्मत और लोहे कि निकली सरिया को दुरुस्त करने आदेशित किया जाएगा, दो-तीन दिन के भीतर कार्य पूर्ण हो जायेगा।

**सीएमओ, नगर पंचायत बोड़ला**

### गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

नगर में लगाई गई एलईडी स्ट्रीट लाईट की कम रोशनी को लेकर आम जनता का कहना है कि एलईडी लाइट तय मानक अनुसार है कि नही इसकी जांच होनी चाहिए। लगभग 20 लाख रूपए की लागत से लगाई जा रही स्ट्रीट लाइट योजना में लापरवाही साफ झलक रही है। जगह-जगह लगे खंभों की नींव अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे सरिए (लोहे की छड़े) बाहर निकली हुई हैं। इन छड़ों के कारण बच्चों और जानवरों के कभी भी गंभीर दुर्घटना का शिकार होने की आशंका बनी हुई है। नगरवासियों और व्यापारीयों ने बताया कि कार्य अधूरा छोड़कर ठेकेदार और विभागीय जिम्मेदारों ने ध्यान देना बंद कर दिया है। बरसात के दिनों में गड्ढों और खुले सरियों से फिसलने व चोट लगने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं अधूरी फिनिशिंग से यह कार्य घटिया और असुरक्षित दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब इस कार्य में लाखों रुपए खर्च हो चुके हैं तो इसका काम पूरा और सुरक्षित होना चाहिए था। परंतु आधा-अधूरा निर्माण जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से मांग की है कि अधूरे काम को तुरंत पूरा कराया जाए, बाहर निकले सरियों को हटाया जाए और फिनिशिंग कार्य जल्द से जल्द किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

**हड़ताल:** शासन ने थमाए दण्डात्मक कार्रवाई के नोटिस के जवाब में दिया इस्तीफा

# हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रांतीय आव्हान पर अपनी दस सूत्रीय मांगों लेकर बीते 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे जिन हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों को शासन दण्डनात्मक कार्यवाही का नोटिस थमाकर सेवा से निकाले जाने की गीदड़ भभकी दे रहा था आज उन एनएचएम कर्मचारियों ने शेर को सवा शेर की तर्ज पर स्वयं ही जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी के दफ्तर पहुंचकर कर सामूहिक इस्तीफा दे दिया। हालांकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने इन एनएचएम कर्मचारियों का इस्तीफा स्वीकार किया है या नहीं यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सहित जिलेभर के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी दस सूत्रीय मागों को लेकर गत 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे हुई। कबीरधाम जिले के करीब 450 एनएचएम कर्मचारी बीते 18 दिनो से जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित राजमहल चौक धरना प्रदर्शन स्थल में मुख्य रूप से नियमितिकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। इस दौरान इन हड़ताली कर्मचारियों ने अलग-अलग ढंग से प्रदर्शन कर अपनी मांगों की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने का भी प्रयास किया लेकिन हड़ताल के 18 दिनो बाद भी शासन ने इनकी सुध नहीं ली। उल्टा बीते दिनो इन हड़ताली कर्मचारियों को दण्डात्मक कार्यवाही का नोटिस थमाकर 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का फरमान जारी कर दिया गया। लेकिन पहले ही अपनी मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई का मन बना चुके इन हड़ताली कर्मचारियों ने अपने हिसाब से शासन के नोटिस का माकूल जवाब देते हुए उसे जलाकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी। वहीं गुरूवार को तो इन कर्मचारियों ने दो कदम आगे बढ़ते हुए स्वयं ही सामूहिक इस्तीफा दे दिया। बताया जाता है कि गुरूवार को बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय कवर्धा पहुंचे थे जहां उन्होने सीएमएचओ डॉ डीके तुरे को सामूहिक इस्तीफा दिया और शासन के खिलाफ जमकर नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान मुख्य रूप से संरक्षक प्रदीप सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष शशिकांत शर्मा, जेम्स जॉन, विनिष जॉय, भास्कर देवांगन, रुपेश साहू, सौरभ तिवारी, संगीता भगत, गेमेश चौधरी, डॉ. मुकुंद राव, डॉ. ममता, डॉ. मुकेश खूंटे, डॉ. दीपक ध्रुव, डॉ. केके जांगड़े, अंशुल थूदगर, हेमराज सिंह ठाकुर, आनंद दास, दुर्गेश गुप्ता,चंदन टेकाम, महेंद्र देवांगन, रमेश कौशिक, गौरव सोनी, अंबिका बाशोड, बुद्धेश्वर सिंह, ओमन चंद्रवंशी, वनिता पिस्दा,शिल्पा बक्शी, रामकृष्ण चंद्रवंशी, धुर्वा साहू, ओमन चंद्रवंशी, गिरानी राम ध्रुवे, धर्मराज कौशिक, शैलेंद्र देवांगन, सन्नी केशरवानी, ललिता वर्मा, नेहा चंद्रवंशी, मोनी जायसवाल, विजय कश्यप,अखिलेश पटेल, राजेश साहू,निखिल बांधेकर, सागर, धीरज महोबिया पवन जायसवाल, राजेश्वरी गुप्ता, भगवन्तीन पुसाम, नेतराम, टीकाराम चंद्रवंशी, श्वेता साहू आदि सैकड़ों कि संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

### जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल



हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने सामूहिक इस्तीफा देने के बाद कहा कि उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल सरकार की वादा खिलाफ और दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में लगातार जारी रहेगी और तब तक जारी रहेगी जब तक की एनएचएम कर्मचारियों को उनका हक और अधिकार नहीं मिल जाता। एनएचएम कर्मचारी के प्रति सरकार के रवैए को लेकर कर्मचारियों ने में भारी नाराजगी और असंतोष देखने को मिल रहा है।

# मध्यप्रदेश में निर्मित शराब को छत्तीसगढ़ में खपाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अवैध शराब के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के धारण/विक्रय के विरूद्ध गत 3 सितम्बर को वृत्त पंडरिया में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर आबकारी विभाग ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से अवैध शराब भी बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम तेलियापानी लेदरा में किराना दुकान का संचालन करने वाली सतीश साहू किराना दुकान की आड़ में अवैध रुप से शराब का विक्रय करता है। इस सूचना पर विभाग की टीम द्वारा मौके पर दबिस देकर आरोपी सतीश कुमार साहू पिता लोकमान साहू के मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 16 नग प्रिंस लेमन देशी मदिरा प्लेन शराब कुल जुमला मात्रा 2.7 बल्क लीटर बरामद किया गया। जप्त मदिरा को विधिवत सीलबंद कर जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम वर्ष 1915 यथा संशोधित धारा 34(1) ख, 36 के तहत प्रकरण कायम कर जेल दाखिल कर न्यायिक रिमांड में लिया गया। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री गीता साहू, अभिनय रायजादा, रामानंद दीवान, आबकारी मुख्य आरक्षक जगदीश सिंह उईके, आरक्षक ईम्तियाज खान, कमल मेश्राम, अमर पिल्लै का विशेष योगदान रहा।

## वनांचल के नदी-नालों में बाढ़...



**कवर्धा।** बीते दो दिनो से जिले मैदानी ईलाकों से लेकर वनांचल ईलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते वनांचल क्षेत्र पंडरिया के नदी, नालों में बाढ़ के हालात निर्मित हो गए है। हालांकि बाढ़ के चलते अभी तक अंचल के किसी भी मार्ग के बंद होने अथवा किसी प्रकार के कोई जानोमाल के हानि की जानकारी नहीं मिली है।

# अभाविप ईकाई बोड़ला के पुनः नगर मंत्री बने वेदांत चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नगर इकाई बोड़ला की न वी न कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मती से पुनाराम पनागर को नगर अध्यक्ष और वेदांत चौहान को पुनः नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौपी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि वर्मा ने एबीवीपी को विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन बताया। उन्होंने कहा की आदर्श वाक्य पर विद्यार्थियों और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्यरत है, परिषद वक्ता गजाधार वर्मा ने परिषद के बारे में बताते हुए कहा की विद्यार्थी केवल कक्षा और पुस्तक तक सिमित नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति के बड़े सहभागी है। चुनाव अधिकारी ओमप्रकाश मानिकपुरी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। नवनियुक्त अध्यक्ष पुनाराम ने कहा की वे छात्र हितों को प्राथमिकता देते हुए समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण के लिए सक्रिय रहेंगे। नई कार्यकारिणी में नगर उपाध्यक्ष, ओपी मानिकपुरी, दीपक मानिकपुरी, नगर सहमंत्री, रुपेश भट्ट, अमित सत्यवंशी, कविता साहू, कार्यालय प्रमुख, नितेश बंजारे, संतोष मेरावी, महाविद्यालय प्रमुख, श्याम जांगड़े, उमेश वर्मा, विद्यालय प्रमुख अमर वर्मा, अदिति यादव कोषाध्यक्ष सुमित बर्मन सह, मनीष मरकाम, एसएफएस प्रमुख कुलदीप पटेल, एसएफडी प्रमुख देवराज पटेल, सोसल मिडिया प्रमुख भोलाराम पटेल, आरकेएम प्रमुख कविता साहू, एनएसएस प्रमुख रिंकू पाली, सह सोमेंद साहू, क्रीड़ा प्रमुख मनोज यादव, छात्रावास प्रमुख मनीष पटेल, सह सीताराम वर्मा व नगर कार्यकारिणी सदस्य, ललिता यादव, चंद्रकुमार, विनय चंद्रवंशी बनाए गए।

# गणेश उत्सव की धूम कोदवागोडान वनांचल में उमंग और उत्साह का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

वनांचल में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है। अंचल के गांवो में विघ्नहर्ता गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिनकी भव्यता और सुंदरता देखते ही बनती है। वहीं ग्राम कोदवागोडान में भी सभी मुहल्लों में गणेशोत्सव के आयोजन रखे गए हैं। यहां बाजार मुहल्ला में युवकों द्वारा एक भव्य और विशाल गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है, जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसी तरह गायत्री चौक में स्थापित गणेश प्रतिमा भी मनोहारी है। प्रतिदिन रात्रि में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में काफी संख्या में दर्शक जुटते हैं, जो इस उत्सव को और भी उत्साह जनक बना देते हैं। गणेश उत्सव के दौरान गांव में उमंग और उत्साह का माहौल रहता है। बच्चे और युवा वर्ग एक-दूसरे के साथ मिलकर इस त्योहार को मनाते हैं और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करते हैं।



## बेहतरीन गायकी के लिए विधायक ने किया रमेश का सम्मान




**कवर्धा।** स्वरांजली 3.0 में शानदार गायकी के लिए रमेश रावत को छत्तीसगढ़ विधानसभा की उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा ने संगीतमय मंच पर सम्मानित किया। उन्होंने सिंफनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा तैयार की गई खूबसूरत मोमेंटो भेंट करते हुए प्रस्तुति की सराहना भी की। पेशे से शिक्षक श्री रावत ने पंडरिया में आयोजित संगीतमय कराओके कार्यक्रम में अपनी गायकी का शानदार परिचय दिया। सुरों से सजी शाम में उन्होंने द लीजेंड कुमार सानू के गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कुमार सानू के गीतों को उनके अंदाज में ही गाने के लिए पहचाने जाने वाले रमेश रावत ने फिल्म फेयर अवार्डेड सॉन्ग मेरा दिल भी कितना पागल है और नजर के सामने जिगर के पास जैसे गीतों की मेलोडियस प्रस्तुति दी। इसके पहले के आयोजनों में भी उनकी प्रस्तुति को सराहा गया था। लगातार तीसरी बार आयोजित गायन कार्यक्रम में उन्होंने अपने सुमधुर पेशकश से सबका ध्यान आकर्षित किया। हाल ही में उन्होंने डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में कवर्धा स्थित अटल परिसर के लोकार्पण स्थल पर मेरा मुल्क, मेरा देश, मेरा ये वतन गीत की देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुति दी थी।

**स्थानीय व बाहरी विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय अध्ययन और प्रशिक्षण का मिलेगा अवसर**

# परिहार अस्पताल, कवर्धा को मिली डीएनबी शिशु रोग विभाग की मान्यता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के लिए गौरव का क्षण है कि परिहार अस्पताल, कवर्धा को राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा डीएनबी (शिशु रोग विभाग) की सीट हेतु मान्यता प्रदान की गई है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल बल्कि पूरे जिले और आसपास के क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक महत्व रखती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि डीएनबी शिशु रोग विभाग की मान्यता मिलने के बाद यहां स्थानीय व बाहरी विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय अध्ययन और प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा, जिससे कुशल एवं प्रशिक्षित चिकित्सक मिलेंगे। गौरतलब है कि कवर्धा नगर में पिछले 12 वर्षों से निरंतर संचालित हो रहा परीहार अस्पताल बाल्य एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का विश्वसनीय केंद्र बना हुआ है। यहां के संस्थापक और वरिष्ठ बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. शशिकपूर परिहार ने अपनी निष्ठा और सेवा भावना से हजारों बच्चों का सफल उपचार कर माता-पिता का विश्वास अर्जित किया है।

### अस्पतान की विशेषताएं

परिहार अस्पताल अपनी आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और समर्पित सेवाओं के लिए जाना जाता है। अस्पताल में गहन शिशु चिकित्सा इकाई (एन.आई.सी.यू.), आपातकालीन कक्ष, अत्याधुनिक जांच उपकरण और नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। यहाँ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञों और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की टीम चौबीसों घंटे बच्चों की देखभाल में तत्पर रहती है। अस्पताल ने अब तक हजारों रोगियों का सफल उपचार किया है तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाता आ रहा है। चौबीसों घंटे उपलब्ध एम्बुलेंस और आपातकालीन वार्ड इसकी विशेष पहचान है।

### समर्पण, मेहनत व गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का परिणाम

अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि डीएनबी शिशु रोग विभाग की मान्यता हमारे समर्पण, मेहनत और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का परिणाम है। हमारा उद्देश्य है कि कवर्धा और आसपास के बच्चों को सर्वोत्तम इलाज यहीं पर मिले तथा विद्यार्थियों को उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर प्राप्त हो। यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

# वनांचल ग्राम पंचायत में चौपाल लगाकर पीएम आवास पूरा करने ग्रामीणों से की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम पंचायत बिरुहूलडीह में प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बनाए जा रहे आवास का घर-घर निरीक्षण करते हुए चौपाल लगाकर ग्रामीणों से चर्चा की गई। आवास का निर्माण समय पर पूरा करने, कार्यों की बारीकियां, सामग्रियों की उपलब्धता, सेंट्रिंग प्लेट जैसे अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर एक-एक हितग्राहियों से बात की गई। जन चौपाल का आयोजन पेड़ के नीचे बैठकर किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव ग्राम रोजगार सहायक आवास मित्र तथा बड़ी संख्या में आवास हितग्राही उपस्थित रहे। चौपाल में जिला पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक दुर्गेश शर्मा, विकासखंड समन्वयक जनपद पंचायत पंडरिया दीपेश चंद्रवंशी एवं ग्राम पंचायत के संबंधित तकनीकी सहायक भी उपस्थित थे। चौपाल के दौरान आवास निर्माण में हो रहे परेशानियों को ग्रामीणों ने सभी के सामने रखा। उल्लेखनीय है कि जनमन आवास का निर्माण विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासियों के लिए कराया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि हितग्राहियों की समस्याओं को सुन कर उसका त्वरित निदान किया जा रहा है। ऐसे हितग्राही जिनके आवास का प्लास्टर पूर्ण हो गया है उसको दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने, छत स्तर पर निर्माणाधीन आवास को 15 सिंतबर के पहले छत तक पूर्ण करने एवं ऐसे आवास जो प्लिंथ स्तर पर है उसको 10 सितम्बर तक छत स्तर पर लाने तथा अप्राम्भ आवास को 5 दिवस के भीतर प्रारंभ करके प्लिंथ स्तर तक लाने के लिए निर्देशित किया गया।